हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 13 फरवरी 2025



# हल्दी में सर्वाधिक 94.23%, टांकापारा में सबसे कम 49.71% मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

**अलग खबर**

लोकतंत्र के पर्व में मतदाताओं से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील हर चुनाव में की जाती है, लेकिन इसके बाद भी मतदान के आंकड़ों में बहुत अधिक सुधार आता हुआ नजर नहीं आ रहा है। इस बार के निकाय चुनाव के तहत राजनांदगांव नगर पालिक निगम क्षेत्र में 74.06 फीसदी मतदाताओं ने ही मतदान किया है। यहां पिछली बार से लगभग - फीसदी कम है।

## ग्रामीण इलाकों से पिछड़े शहरी बूथ, महिलाओं से अधिक पुरूष मतदाताओं ने डाले वोट

### इन बूथों में कम मतदान

शहर में 60 फीसदी से कम मतदान वाले केंद्रों में बूथ क्रमांक 20, 42, 43, 57, 58, 59, 66, 75, 78, 86, 133 और 135 नंबर बूथ शामिल हैं। वहीं 90 फीसदी से अधिक मतदान वाले केंद्रों में बूथ क्रमांक 148, 149, 150, 151, 153, 154 और 155 नंबर बूथ शामिल हैं। सबसे अधिक मतदान 95.71 फीसदी बूथ क्रमांक 153 में और सबसे कम महज 46.90 फीसदी मतदान बूथ क्रमांक 43 में दर्ज किया गया है।

### खास बातें

- शहर में 155 और जिले में 230 बूथ में किए गए मतदान
- सभी निकाय में महिला वोटर की संख्या थी अधिक
- 15 को मतगणना



### महिला मतदाता रही पीछे

भले ही जिले के सभी निकाय में पुरूष के मुकाबले महिला मतदाताओं की संख्या अधिक रही हो, लेकिन मतदान करने में छुरिया नगर पंचायत को छोड़कर बाकी सभी शहरों में पुरूषों ने महिलाओं को पछाड़ दिया है। राजनांदगांव नगर निगम में जहां 75.16 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने वोट डाला। वहीं महिलाओं की संख्या 73.03 फीसदी रही। ऐसे ही डोंगरगढ़ नगर पालिका में 78.06 फीसदी पुरूष व 77.65 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया है। एलबी नगर नगर पंचायत में 91.28 फीसदी पुरूष, 89.97 फीसदी महिलाएं, डोंगरगांव नगर पंचायत में 82.74 फीसदी पुरूष व 79.97 फीसदी महिलाओं ने वोटिंग की। छुरिया नगर पंचायत में 93.31 फीसदी महिला एवं 92.93 प्रतिशत पुरूष ने मतदान किया है।

वहीं शहरी इलाकों के मतदाता फिर से ग्रामीण वोटरों के मुकाबले कम जागरूक दिखाई दिए। यही कारण है कि जहां हल्दी, सिंगदई, मोहड़ जैसे वार्डों में बंफर मतदान देखने को मिला। वहीं शहर के भीतर स्थित इलाकों में मतदान का प्रतिशत 60 से भी कम रहा। आंकड़ों के अनुसार शहर के वार्ड क्रमांक 51 हल्दी में सर्वाधिक 94.23 फीसदी मतदान दर्ज किया गया है। वहीं वार्ड क्रमांक 14 टांकापारा वार्ड में सबसे कम महज 49.71 प्रतिशत ने ही मतदान किया है। वहीं शहर में ऐसे कुल 12 बूथ है, जहां 60 फीसदी से कम मतदान दर्ज किए गए हैं। वहीं केवल सात ही ऐसे मतदान केंद्र हैं, जहां 90 फीसदी से अधिक मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया।

# वार्ड में जितने बूथ उतने राउंड में होगी गिनती, मेयर-पार्षद के साथ में गिने जाएंगे वोट, डेढ़ घंटे के भीतर आ जाएंगे परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब मतगणना की तैयारियां शुरू कर दी गई है। सभी निकाय में ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में जमा कराया जा चुका है। आगामी 15 फरवरी को सुबह 9 बजे से मतों की गिनती शुरू हो जाएगी। राजनांदगांव नगर निगम को लेकर रूझान शुरूआती आधे घंटे में ही मिलने लगेंगे। जबकि परिणाम महज डेढ़ घंटे में ही सामने आ जाएंगे। मतगणना के लिए वार्ड की संख्या अनुसार ही टेबल लगाए जाएंगे। राजनांदगांव नगर निगम के लिए कुल 51 टेबल लगेंगे।

सभी निकायों में महापौर-अध्यक्ष पदों के मत पार्षदों के साथ में ही गिने जाएंगे। बूथवार ही हर वार्ड के राउंड तय होंगे, जिन वार्ड में सिर्फ दो ही बूथ हैं, वहां के परिणाम सबसे पहले मिलेंगे। वहीं सबसे अधिक बूथ वाले वार्ड के परिणाम अंत में सामने आएंगे। ऐसे ही महापौर प्रत्याशियों को मिलने वाले मतों की गिनती भी अधिकतम पांच राउंड में पूरी हो जाएगी। हालांकि हार-जीत का समीकरण तीसरे राउंड के बाद ही साफ होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र के लिए मतगणना का कार्य बसंतपुर स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण में किया जाएगा। ऐसे ही शेष सभी निकायों के लिए मतगणना का काम उनके ही निकाय में पूरी की जाएगी।

## मतगणना स्थल पर प्रशासन ने पूरी की तैयारी, कर्मियों की ड्यूटी तय




### पहले डाकमत्र की होगी गिनती

मतगणना का कार्य 15 फरवरी को सुबह 9 बजे से किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार सबसे पहले एआरओ टेबल पर निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र की गिनती पूरी होगी। राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र के लिए कुल 126 मतपत्र जमा हुए हैं। इनके बाद सभी वार्ड की एक साथ पहले राउंड की गिनती होगी। इसमें पहले महापौर प्रत्याशियो को मिले मत सामने आएंगे। उसके बाद उस राउंड में पार्षद प्रत्याशियों के मत के आंकड़े मिलेंगे। जिसके बाद दूसरे राउंड की गिनती होगी।

### 500 कर्मी करेंगे सुरक्षा

पुलिस महकमे से मिली जानकारी के अनुसार जिलेभर में मतगणना के दिन स्थल पर करीबन पांच सौ कर्मचारियो की तैनाती की जाएगी। इनमें राजनांदगांव शहर में लगभग दो सौ पुलिस जवान मतगणना स्थल की सुरक्षा में लगाए जाएंगे। इसके अलावा आला अफसरो की भी तैनाती होगी।

### पार्षदों के साथ एक को ही एंट्री

मिली जानकारी के अनुसार मतगणना के लिए निकाय में कुल वार्ड की संख्या अनुसार ही टेबल लगाए जाएंगे। ऐसे ही हर पार्षद के साथ केवल एक ही अभिकर्ता को अंदर आने की अनुमति दी जाएगी। हालांकि महापौर और अध्यक्ष पदों के प्रत्याशियों को कुल टेबल के अनुसार अभिकर्ता ले जाने की अनुमति होगी। जैसे राजनांदगांव महापौर प्रत्याशियों को 51 टेबल के लिए 51 अभिकर्ता, डोंगरगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशियों को 24 टेबल के लिए 24 और शेष नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों को 15 टेबल के लिए 15 अभिकर्ता की अनुमति दी जाएगी।

## दो बूथ वाले सात वार्ड में सबसे पहले, पांच केंद्र वाले दो वार्ड के सबसे अंत में आएंगे परिणाम

**राजनांदगांव।** मतगणना दिवस के दिन राजनांदगांव नगर निगम के सात वार्डों के परिणाम सबसे पहले आएंगे। यह ऐसे वार्ड हैं, जहां केवल दो बूथों के जरिये ही मतदान कराया गया है। वहीं पांच मतदान केंद्र वाले दो वार्ड के परिणाम सबसे अंत में मिलेंगे।



शहर के 37 वार्ड में तीन मतदान केंद्र हैं। ऐसे में तीन राउंड के बाद शहर के लगभग 44 वार्ड के परिणाम सामने आ जाएंगे।

प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार जिन वार्ड में जितने मतदान केंद्र बनाए गए हैं, उतने ही राउंड में वहां की गिनती पूरी होगी। ऐसे में राजनांदगांव शहर में कुल 7 वार्ड में दो बूथ थे, इनमें वार्ड क्रमांक 2, 14, 17, 19, 28, 31 और 50 शामिल हैं। इन वार्ड के परिणाम सबसे पहले सामने आ जाएंगे। ऐसे ही तीन बूथ वाले वार्ड में वार्ड क्रमांक 1, 3, 5, 6, 7, 8, 10, 11, 13, 15, 18, 20, 21, 22, 23, 24, 26, 27, 29, 30, 32, 33, 34, 35, 36, 38, 39, 40, 41, 42, 44, 43, 46, 47, 48, 49 और 51 शामिल हैं। इन वार्डों में तीन राउंड में गिनती पूरी होगी। चार मतदान केंद्र वाले कुल पांच वार्ड हैं। इनमें वार्ड क्रमांक 4, 9, 12, 25 और 37 शामिल हैं। सर्वाधिक पांच राउंड वाले वार्ड में वार्ड क्रमांक 16 और 45 शामिल है। यहीं के परिणाम सबसे अंत में सामने आएंगे।

### हर राउंड के बाद जुड़ेंगे मत

बताया गया कि हर राउंड के बाद मतों को जोड़ा जाएगा। पार्षद प्रत्याशियों के साथ ही महापौर प्रत्याशियों को मिले मतो की गिनती और जोड़ने के बाद ही अगले राउंड की गिनती शुरू की जाएगी। सूत्रों की माने तो मतगणना का काम 9 बजे शुरू होगा, लेकिन ईवीएम से वोटो की गिनती प्रारंभ होने में 9 बजकर 20 मिनट तक का समय लग सकता है। एक राउंड पूरा होने में लगभग 15 मिनट का समय लगेगा। ऐसे में 10 बजे के आसपास ही परिणाम आने शुरू होंगे।

# अंतरण की राशि मिली-एमएसपी का इंतजार 20 हजार किसानों का 415 करोड़ रु अटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

धान की सरकारी खरीदी निपटने के बाद भी अविभाजित जिले के करीब बीस हजार किसानों को आज पर्यन्त समर्थन मूल्य की राशि का भुगतान नहीं हो पाया है। केंद्र सरकार से राशि जारी नहीं होने के चलते किसानों का करीब सवा चार सौ करोड़ रुपए अटक गया है। किसानों का कहना है कि राज्य शासन ने एकमुश्त अंतरण की राशि जारी कर दी है, लेकिन उन्हें समर्थन मूल्य की राशि नहीं मिल पाई है।

गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा किसानों से 31 जनवरी तक धान की सरकारी खरीदी की गई है। राज्य शासन द्वारा किसानों को खरीदी के तत्काल बाद उपज का भुगतान किए जाने के वायदे किए गए थे, लेकिन अविभाजित राजनांदगांव जिले में 20 जनवरी के बाद जिन किसानों ने धान बेचा है, उन्हें समर्थन मूल्य की राशि का भुगतान नहीं हो पाया है। आंकड़ों की मानें तो अविभाजित जिले में करीब सवा चार सौ करोड़ रुपए की राशि का भुगतान अटक गया है। सूत्रों ने बताया कि खरीदी के अंतिम दस दिनों में करीब 20 हजार किसानों ने धान बेचा था। ऐसा पहली बार हो रहा है, जब किसानों की समर्थन मूल्य के पहले किसानों को अंतरण की राशि जारी हो गई है, जिन किसानों को समर्थन मूल्य की राशि नहीं मिली है, उनके खाते में भी अंतरण की राशि पहुंच गई है।



अंतरण की राशि जारी होने के बाद बैंक में राशि निकालने किसानों की भीड़

### बैंक के चक्कर काट रहे किसान

खरीदी निपटने के बाद भी समर्थन मूल्य की राशि नहीं मिलने के चलते किसान लगातार सोसायटी और बैंक के चक्कर काट रहे हैं। किसानों का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा तीन दिन के भीतर राशि मिलने के दावे किए गए थे, लेकिन आज पंद्रह दिन बीत जाने के बाद भी राशि नहीं मिली है।

### छह हजार करोड़ का धान खरीदा

राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ़ और मोहला-मानपुर जिले को मिलाकर कुल 351279 किसानों ने 1.95 करोड़ क्विंटल धान सरकार को बेचा है। इसके एवज में सरकार ने किसानों को करीब 6.04 हजार करोड़ रुपए का भुगतान किया है। ज्ञात हो कि प्रति क्विंटल किसानों को 3100 सौ रुपए का भुगतान किया गया है। इनमें भी सबसे अधिक धान की खरीदी राजनांदगांव जिले में हुई है। यहां 70.14 लाख क्विंटल, कवर्धा जिले में 64.93 लाख क्विंटल, खैरागढ़ जिले में 40.37 लाख क्विंटल और मोहला-मानपुर जिले में 22.20 लाख क्विंटल धान खरीदा गया है।

### पौने 13 सौ करोड़ की वसूली

खरीफ सीजन में खेती के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से ऋण लेने वाले किसानों से लिंकिंग के जरिये वसूली भी की गई है। बैंक के अंतर्गत आने वाले चार जिलों में कुल 1276.71 करोड़ रुपए किसानों से लिंकिंग के जरिये लिए गए हैं। जबकि खरीफ सीजन के लिए 1470 करोड़ रुपए का ऋण वितरण किया गया था। कवर्धा जिले में सर्वाधिक 439.29 करोड़ किसानों से वसूला गया है। ऐसे ही राजनांदगांव जिले में 422.89 करोड़, खैरागढ़ जिले में 290.56 करोड़ और मोहला-मानपुर जिले में 123.97 करोड़ की कर्ज वसूली की गई है।

# निर्माणाधीन पुल के पास बाइक की ठोकर से वृद्धा की मौत

**मोहला।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला अंतर्गत मोहला थाना क्षेत्र के भोजटोला में निर्माणाधीन पुल के समीप एक बाइक सवार युवक ने वृद्ध महिला को जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे वृद्ध महिला की मौत हो गई है। घटना मंगलवार देर शाम की बताई जा रही है। मृतक महिला मंगनीबाई हिड़ामे पति स्वर्गीय रामनाथ हिड़ामे महाराष्ट्र के सोनपुर गांव की रहने वाली थी, जो भोजटोला में आयोजित मड़ाई मेला में शामिल होकर अपने गांव वापस जा रही थी, तभी बाइक सवार युवक ने महिला को जोरदार ठोकर मार दी। वहीं बाइक सवार युवक भी घायल हुआ है, जिसे बेहतर ईलाज के लिए राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। मोहला पुलिस ने बुधवार दोपहर साढ़े 12 बजे वृद्धा के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के हवाले किया है।

# मतदान के बाद मंथन, जीत के आंकड़े तलाश रहे प्रत्याशी

**राजनांदगांव।** नगरीय निकाय चुनाव को लेकर मतदान की प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। राजनांदगांव शहर में लगभग 75 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते शहर और वार्ड के विकास के लिए योग्य उम्मीदवार का चयन कर लिया है, लेकिन जनता ने किसे चुना, इसका फैसला मतगणना की तारीख 15 फरवरी को होगा। इससे पहले प्रत्याशी अपनी जीत का एनालिसिस करने में जुटे हुए हैं। बूथवार डाले गए मतदान के आंकड़ों के अनुसार राजनीतिक पार्टियां, निर्दलीय उम्मीदवार आंकड़ों के अनुसार अपनी जीत को लेकर समीक्षा कर रहे हैं।

### एकत्रित जानकारी से समीक्षा

मतदान केंद्र के भीतर पोलिंग एजेंट के माध्यम से मतदान करने वाले लोगों की जानकारी एकत्रित की गई है। अब इसी जानकारी के आधार पर प्रत्याशी अपनी जीत के आंकड़े तलाश रहे हैं। भाजपा-कांग्रेस अपने वार्ड क्षेत्रों के आधार पर पार्टी के फिक्स वोटरों से समीकरण बना रहे हैं। वहीं निर्दलीय अपने प्रभाव की संभावना के अनुसार जीत का आंकलन कर रहे हैं।

**जन्मदिन उत्सव**
**पाठक सूचना**
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

### माए एंगल




## अंचल का अधिकतम तापमान पहुंचा 33, न्यूनतम 21 डिग्री पर

# उत्तरी हवाओं से बदलेगा मौसम, 3 डिग्री लुढ़केगा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अंचल में एक बार फिर मौसम में उतार-चढ़ाव के हालात निर्मित हो रहे हैं। विभाग के अनुसार उत्तर दिशा से शुष्क और नम हवाओं का आगमन शुरू होने वाला है। इसके प्रभाव के चलते अंचल में अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री तक गिरावट देखने को मिल सकती है। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री पर रहा।

उल्लेखनीय है कि जिले सहित छत्तीसगढ़ के मौसम में उतार चढ़ाव का दौर जारी है। विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों में रात का पारा 2 से 4 डिग्री तक गिर सकता है। जिससे रात में हल्की ठंड बढ़ेगी। फिलहाल अगले 12 घंटों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा। प्रदेश में मंगलवार को अंबिकापुर 9.8 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ सबसे ठंडा रहा। वहीं 35.8 डिग्री अधिकतम तापमान के साथ सुकमा सबसे गर्म रहा। आमतौर पर फरवरी में तापमान बढ़ने लगता है, लेकिन इस साल पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में उतार-चढ़ाव हो रहा है। इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी और गिरावट के कारण दिन में कभी ठंड तो कभी बहुत अधिक गर्मी हो रही है। जिससे लोगों को सर्दी-खांसी की शिकायत हो रही है।



### इस कारण लुढ़केगा पारा

मौसम विभाग के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ जम्मू-कश्मीर और उसके आसपास स्थित है। इसका प्रभाव कम होने की संभावना है। जिसके कारण उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन प्रारंभ होने की संभावना है। उपरोक्त कारण से अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में करीब 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट संभावित है। प्रदेश में कल 13 फरवरी को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। ऐसे में रात का तापमान 21 डिग्री से कम होकर 17 से 18 के बीच पहुंच सकता है।

**संजीवनी** नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

24 घंटे आपात चिकित्सा
- एक्सीडेंट
- जहर का सेवन
- लीवर फेलयर
- किडनी फेलयर
- हार्ट अटैक
- ब्रेन हेमरेज
- पीलिया • लकवा

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- बांझपन का ईलाज
- मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
- गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
- नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## दलों को अपनी जीत का भरोसा, निर्दलीय के भारी होने की चर्चा

# मतदान के बाद अटकलों का दौर

## आगामी 15 फरवरी को सामने आएगा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

निकाय के लिए मतदान होने के बाद राजनीतिक दल और आम मतदाता संभावित परिणाम के गुणाभाग में लगा है किन्तु अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी के मैदान में होने और चुनाव के दौरान तीन प्रत्याशियों के बीच जो घमासान के हालात देखे गए उससे त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसान दिखाई दे रहे हैं जिसके चलते कोई भी किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच पा रहा है।

उल्लेखनीय है कि स्थानीय नगर पंचायत के अध्यक्ष और पार्षद के लिए मंगलवार को मतदान हुआ है। शहर के 81.31 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। शहर के वार्ड क्रमांक एक, दो और आठ ऐसे वार्ड रहे जहां मतदान 75 फीसदी से कम हुआ। वहीं अन्य वार्डों 80 प्रतिशत से अधिक पोलिंग हुई। मतदान के बाद संभावित परिणाम को लेकर अटकलों का बाजार गरम है। सभी अपने अपने नजरिए से ईव्हीएम में बंद परिणाम को भांपने का प्रयास कर रहे हैं किन्तु अध्यक्ष पद के लिए तीन दमदार प्रत्याशियों के मैदान में होने से किसी को कोई भी सिरा पकड़ में नहीं आ रहा है। भाजपा- कांग्रेस को जीत का भरोसा है किन्तु वार्डों की संख्या को लेकर दोनों के नेता दुविधा में हैं।

### निर्दलीय के कारण जीत

मंडल भाजपा के अध्यक्ष दीना पटेल का कहना है कि निर्दलीय प्रत्याशी के मैदान में होने से भाजपा की जीत का मार्ग प्रशस्त हो सकता है यह अलग बात है कि जीत का अंतर कम हो सकता है। उन्हे अनुमान है कि भाजपा वार्ड क्रमांक दो, पांच, छह, सात, आठ, नौ, 10, 12, 13, 14 और 15 में जीत दर्ज कर सकती है फिर भी उलटफेर हुआ तो भाजपा के 8 से 10 पार्षद जीत सकते हैं।




### कांग्रेस को जीत का पूरा भरोसा

पूर्व पार्षद और अध्यक्ष पद की उम्मीदवार पुष्पदेवी यदु के पति रौशन यदु का कहना है कि जीत का अंतर करीब एक हजार मतों का हो सकता है। उन्हे अनुमान कांग्रेस के पार्षद पद के उम्मीदवार वार्ड एक, तीन, पांच, सात, नौ, 10, 12 और 13 में जीत हासिल कर सकते हैं।

### मतदाताओं ने दिया साथ

निकाय के चुनाव में नगर पंचायत के निर्वतमान उपाध्यक्ष ललित लोढा में कांग्रेस से त्यागपत्र देकर अपनी पत्नी पिंकी लोढा का अध्यक्ष पद के लिए मैदान में उतारा था। श्रीमती लोढा प्रचार प्रसार, जनसंपर्क आदि में नामांकन दाखिले के दिन से प्रचार थमने तक भाजपा- कांग्रेस पर भारी नजर आई। श्री लोढा का अनुमान है कि करीब 500 मतों के अंतर से जीत दर्ज कर सकते है। उनका अनुमान है कि उन्हे वार्ड दो, तीन, आठ, नौ, 11, 12 और 15 से बेहतर बढ़त मिल सकती है। अटकलों और अनुमानों के बीच आम मतदाता को आगामी 15 फरवरी के आने का इंतजार है। इस दिन ईव्हीएम खुलने के साथ सब कुछ साफ हो जाएगा।

### मतदान करने में महिलाएं आगे

**डोंगरगढ़।** पालिका क्षेत्र में मंगलवार को अध्यक्ष एवं 24 पार्षद चुनने के लिए महिलाओं ने बढ़चढ़ कर मतदान किया। शहर में कुल 77.86 प्रतिशत मतदान हुआ। जानकारी के अनुसार 28040 मतदाताओं में से 21828 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है जिसमें 10605 पुरूष, 11222 महिला एवं एक अन्य शामिल है। जानकारी के अनुसार इस बार मतगणना नेहरू महाविद्यालय में होगी। मतदान खत्म होने के बाद प्रत्याशियों की उपस्थिति में ईव्हीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रॉंग रूम में रखा गया है।

### कांग्रेस प्रत्याशी हुए भाजपा के पक्ष में

**डोंगरगढ़।** मतदान के पहले वार्ड क्रमांक 3, 4, 5 और 11 के कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशियों द्वारा भाजपा को समर्थन देने की जानकारी मिली है। यह उलटफेर मतदान के ठीक 12 घंटे पहले हुआ। यह सभी प्रत्याशी कांग्रेस नेता नवाज खान के समर्थक माने जाते है। इन प्रत्याशियों का समर्थन मिलने के बाद भाजपा प्रत्याशियों ने काफी राहत महसूस किया। अध्यक्ष पद की उम्मीदवार नलिनी मेश्राम ने बताया कि इस संबंध में उन्हे कोई जानकारीर नहीं है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह चौहान ने बताया कि इस प्रकार की चर्चा हमारे पास आई थी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया कि अधिकृत प्रत्याशियों से चर्चा के बाद ही वह कुछ बता पाएंगे।

## नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़

| वार्ड क्र. | केंद्र क्र. | कुल निर्वाचकों की संख्या | | | | डाले गए मतों की संख्या | | | | मतदान का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरुष | महिला | तृतीय लिंग | कुल | पुरुष | महिला | तृतीय लिंग | कुल | |
| 1 | 1 | 333 | 381 | 3 | 717 | 266 | 303 | 1 | 570 | 79.50 |
| 1 | 2 | 370 | 423 | 0 | 793 | 285 | 324 | 0 | 609 | 76.80 |
| 2 | 3 | 288 | 325 | 0 | 613 | 220 | 252 | 0 | 472 | 77.00 |
| 2 | 4 | 353 | 397 | 0 | 750 | 270 | 290 | 0 | 560 | 74.67 |
| 3 | 5 | 247 | 287 | 0 | 534 | 212 | 225 | 0 | 437 | 81.84 |
| 3 | 6 | 361 | 385 | 0 | 746 | 286 | 287 | 0 | 573 | 76.81 |
| 4 | 7 | 458 | 473 | 0 | 931 | 298 | 286 | 0 | 584 | 62.73 |
| 5 | 8 | 354 | 397 | 0 | 751 | 270 | 310 | 0 | 580 | 77.23 |
| 5 | 9 | 384 | 396 | 0 | 780 | 298 | 302 | 0 | 600 | 76.92 |
| 6 | 10 | 185 | 186 | 0 | 371 | 142 | 155 | 0 | 297 | 80.05 |
| 7 | 11 | 560 | 554 | 0 | 1114 | 492 | 471 | 0 | 963 | 86.45 |
| 8 | 12 | 541 | 565 | 0 | 1106 | 443 | 468 | 0 | 911 | 82.37 |
| 9 | 13 | 351 | 396 | 0 | 747 | 287 | 324 | 0 | 611 | 81.79 |
| 9 | 14 | 283 | 299 | 0 | 582 | 223 | 233 | 0 | 456 | 78.35 |
| 10 | 15 | 373 | 421 | 0 | 794 | 246 | 293 | 0 | 539 | 67.88 |
| 10 | 16 | 487 | 582 | 0 | 1069 | 361 | 410 | 0 | 771 | 72.12 |
| 11 | 17 | 467 | 469 | 0 | 936 | 354 | 373 | 0 | 727 | 77.67 |
| 12 | 18 | 496 | 529 | 0 | 1025 | 383 | 402 | 0 | 785 | 76.59 |
| 13 | 19 | 472 | 466 | 0 | 938 | 378 | 371 | 0 | 749 | 79.85 |
| 14 | 20 | 272 | 310 | 0 | 582 | 222 | 254 | 0 | 476 | 81.79 |
| 14 | 21 | 246 | 299 | 0 | 545 | 186 | 262 | 0 | 448 | 82.20 |
| 15 | 22 | 501 | 471 | 0 | 972 | 431 | 398 | 0 | 829 | 85.29 |
| 15 | 23 | 249 | 276 | 0 | 525 | 209 | 236 | 0 | 445 | 84.76 |
| 16 | 24 | 462 | 491 | 0 | 953 | 342 | 370 | 0 | 712 | 74.71 |
| 16 | 25 | 282 | 313 | 0 | 595 | 229 | 249 | 0 | 478 | 80.34 |
| 17 | 26 | 410 | 367 | 0 | 777 | 353 | 302 | 0 | 655 | 84.30 |
| 18 | 27 | 485 | 509 | 0 | 994 | 376 | 400 | 0 | 776 | 78.07 |
| 19 | 28 | 477 | 491 | 0 | 968 | 389 | 376 | 0 | 765 | 79.03 |
| 20 | 29 | 551 | 554 | 0 | 1105 | 435 | 448 | 0 | 883 | 79.91 |
| 21 | 30 | 362 | 411 | 0 | 773 | 258 | 289 | 0 | 547 | 70.76 |
| 21 | 31 | 398 | 419 | 0 | 817 | 278 | 292 | 0 | 570 | 69.77 |
| 22 | 32 | 379 | 439 | 0 | 818 | 303 | 348 | 0 | 651 | 79.58 |
| 22 | 33 | 292 | 284 | 0 | 576 | 223 | 243 | 0 | 466 | 80.90 |
| 23 | 34 | 431 | 442 | 0 | 873 | 335 | 336 | 0 | 671 | 76.86 |
| 24 | 35 | 425 | 445 | 0 | 870 | 322 | 340 | 0 | 662 | 76.09 |
| योग | | 13585 | 14452 | 3 | 28040 | 10605 | 11222 | 1 | 21828 | 77.85 |

## खबर संक्षेप



### छत्तीसगढ़ी व्यंग संग्रह की समीक्षा

**डोंगरगांव।** शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगांव ने मोहड़ स्थित साहित्यिक भवन में साहित्यकार राजकुमार चौधरी के छत्तीसगढ़ी व्यंग संग्रह का के बधाई पर समीक्षात्मक गोष्ठी का आयोजन किया। साहित्यकार जितेंद्र पटेल, वीरेंद्र तिवारी, शंकरशरण, अध्यक्ष महेंद्र बघेल और स्वामी प्रेम अरुणोदय ने कथ्य, शिल्प, बिम्ब, प्रतीक, वक्रोक्ति, भाषा शैली के आधार पर समाज में व्याप्त विडंबनाओ एवं अन्य ज्वलंत मुद्दों पर लेखक के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए समीक्षा प्रस्तुत किया। तत्पश्चात कवि गोवर्धनसिंह परतेती, माधवी गणवीर, रोहिणी पटेल, एनेंद्र शर्मा, अनिल कसेर, मनीष साहू, इकबाल खान, यशवंतसिंह मंडावी, जितेंद्र पटेल, वीरेंद्र तिवारी, शंकर शरण, राजकुमार चौधरी, महेंद्र बघेल, स्वामी प्रेम अरुणोदय ने काव्य पाठ किया। मुख्य अतिथि राधेलाल देवांगन का सांस्कृतिक योगदान के लिए सम्मान किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि महेश चंद्राकर उपस्थित थे।

### बच्चा चोरी की अफवाह

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत मेढ़ा, मुरमुंदा और आसपास गांव में बच्चा चोरी की अफवाह फैलने के बाद अफरा तफरी का माहौल बन गया है। अफवाह के बाद ग्रामीणों ने कुछ साधुओं को पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। बताया जा रहा है कि आसपास अंजान व्यक्तियों सहित अन्य से कड़ी पूछताछ किया गया किन्तु बच्चा चोरी का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस को भी जानकारी मिली है कि आसपास से किसी भी बच्चे के चोरी होने की घटना नहीं हुई है। पता चला है कि स्कूल के बच्चो ने चार पहिया वाहन से लिफ्ट लिया था जिसे कुछ ने बच्चो को उठा ले जाना समझा और बच्चा चोरी की अफवाह फैल गई।

### प्रत्याशियों के बीच मारपीट

**डोंगरगढ़।** पालिका के वार्ड 20 के लिए आत्मानंद स्कूल को मतदान केन्द्र बनाया गया था। स्कूल मैदान में भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी के बीच विवाद के बाद मारपीट की घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। बहस के बाद जमकर हाथापाई होने से दोनों के परिजनों को चोट आई है। दोनो दल के लोगों ने एक दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने शिकायत किया है। पुलिस ने घायल लोगों का डॉक्टरी मुलायजा कराया है लेकिन किसी के खिलाफ अपराध दर्ज नहीं हुआ है।

## नगर पंचायत एलबी नगर

| वार्ड क्र. | कुल निर्वाचक | | | डाले गए मतों की संख्या | | | मतदान का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरुष | महिला | कुल | पुरुष | महिला | कुल | |
| 1 | 87 | 86 | 173 | 83 | 77 | 160 | 92.49 |
| 2 | 154 | 157 | 311 | 140 | 138 | 278 | 89.39 |
| 3 | 96 | 96 | 192 | 91 | 91 | 182 | 94.79 |
| 4 | 118 | 131 | 249 | 108 | 115 | 223 | 89.56 |
| 5 | 60 | 64 | 124 | 57 | 59 | 116 | 93.55 |
| 6 | 88 | 90 | 178 | 81 | 83 | 164 | 92.13 |
| 7 | 144 | 146 | 290 | 132 | 135 | 267 | 92.07 |
| 8 | 65 | 78 | 143 | 62 | 72 | 134 | 93.71 |
| 9 | 128 | 117 | 245 | 115 | 106 | 221 | 90.20 |
| 10 | 111 | 145 | 256 | 97 | 124 | 221 | 86.33 |
| 11 | 104 | 116 | 220 | 99 | 108 | 207 | 94.09 |
| 12 | 145 | 151 | 296 | 133 | 139 | 272 | 91.89 |
| 13 | 155 | 164 | 319 | 141 | 144 | 285 | 89.34 |
| 14 | 134 | 141 | 275 | 128 | 122 | 250 | 90.91 |
| 15 | 177 | 163 | 340 | 145 | 147 | 292 | 85.88 |
| योग | 1766 | 1845 | 3611 | 1612 | 1660 | 3272 | 90.61 |

## नगर पंचायत छुरिया

| वार्ड क्र. | कुल निर्वाचक | | | डाले गए मतों की संख्या | | | मतदान का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरुष | महिला | कुल | पुरुष | महिला | कुल | |
| 1 | 95 | 102 | 197 | 91 | 99 | 190 | 96.45 |
| 2 | 104 | 113 | 217 | 95 | 105 | 200 | 92.17 |
| 3 | 95 | 114 | 209 | 86 | 107 | 193 | 92.34 |
| 4 | 86 | 92 | 178 | 81 | 86 | 167 | 93.82 |
| 5 | 94 | 107 | 201 | 83 | 95 | 178 | 88.56 |
| 6 | 84 | 91 | 175 | 81 | 86 | 167 | 95.43 |
| 7 | 96 | 115 | 211 | 87 | 105 | 192 | 91.00 |
| 8 | 57 | 81 | 138 | 55 | 72 | 127 | 92.03 |
| 9 | 95 | 119 | 214 | 91 | 116 | 207 | 96.73 |
| 10 | 92 | 105 | 197 | 88 | 95 | 183 | 92.89 |
| 11 | 99 | 102 | 201 | 87 | 94 | 181 | 90.05 |
| 12 | 104 | 136 | 240 | 100 | 127 | 227 | 94.58 |
| 13 | 114 | 122 | 236 | 99 | 113 | 212 | 89.83 |
| 14 | 106 | 104 | 210 | 100 | 100 | 200 | 95.24 |
| 15 | 121 | 127 | 248 | 116 | 121 | 237 | 95.56 |
| योग | 1442 | 1630 | 3072 | 1340 | 1521 | 2861 | 93.13 |

## नगर पंचायत डोंगरगांव

| वार्ड क्र. | कुल निर्वाचक | | | डाले गए मतों की संख्या | | | मतदान का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरुष | महिला | कुल | पुरुष | महिला | कुल | |
| 1 | 442 | 475 | 917 | 284 | 326 | 610 | 66.52 |
| 2 | 460 | 506 | 966 | 341 | 344 | 685 | 70.91 |
| 3 | 283 | 342 | 625 | 247 | 292 | 539 | 86.24 |
| 4 | 278 | 279 | 557 | 226 | 222 | 448 | 80.43 |
| 5 | 466 | 473 | 939 | 419 | 415 | 834 | 88.82 |
| 6 | 289 | 315 | 604 | 239 | 263 | 502 | 83.11 |
| 7 | 300 | 322 | 622 | 254 | 271 | 525 | 84.41. |
| 8 | 483 | 491 | 974 | 353 | 367 | 720 | 73.92 |
| 9 | 349 | 356 | 705 | 318 | 323 | 641 | 90.92 |
| 10 | 508 | 491 | 999 | 427 | 413 | 840 | 84.08 |
| 11 | 417 | 498 | 915 | 370 | 375 | 745 | 81.42 |
| 12 | 414 | 495 | 909 | 361 | 390 | 751 | 82.62 |
| 13 | 384 | 385 | 769 | 324 | 320 | 644 | 83.75 |
| 14 | 296 | 331 | 627 | 260 | 295 | 555 | 88.52 |
| 15 | 396 | 418 | 814 | 347 | 324 | 671 | 82.43 |
| योग | 5765 | 6177 | 11942 | 4770 | 4940 | 9710 | 81.31 |

## लक्ष्मीनारायण यज्ञ का समापन

**खुज्जी।** शिवनाथ नदी के तट पर स्थित ब्रम्हचारी आश्रम में आयोजित 11 दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ का समापन पूर्णाहुति, गौ पूजन एवं शोभायात्रा के साथ हुआ। इसी के साथ अखंड राम नाम संकीर्तन का विसर्जन हुआ।



अंतिम दिवस श्री राम कथा का भी समापन हुआ। अंतिम दिन कथा वाचक मानस काग महाराज ने सीता स्वयंवर की कथा का विस्तार से वर्णन किया एवं मानस के गूढ़ रहस्यों को बताया। इस आयोजन में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी शामिल हुए। उन्होंने मंदिरों एवं यज्ञ के दर्शन कर संतों का आशीर्वाद लिया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश सचिव चंद्रशेखर वर्मा भी उपस्थित थे। श्री वर्मा ने सभा को संबोधित कर हिंदुत्व को जगाया। ग्यारह दिवसीय आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आश्रम के संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी ने योगदान के लिए सभी का आभार व्यक्त किया है।

## हास्पिटल का लिया जायजा

**साल्हेवारा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डां. आशीष शर्मा ने गत दिनों अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल पहुंचकर डिलवरी, आईपीडी, ओपीडी का निरीक्षण करते हुए मरीजों से बातचीत किया। उन्होंने निर्माणाधीन भवन का भी जायजा लिया। प्रवास के दौरान श्री शर्मा ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रकाश वर्मा से बातचीत करते हुए बेहतर कामकाज के लिए शाबाशी दिया। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मे पदस्थ डाक्टरों एवं सहकर्मियों की प्रशंसा किया। इस दौरान बृजेश ताम्रकार एवं अन्य मौजूद थे।



## चन्द्रगिरी में मुनि वीरसागर का मंगल प्रवेश शनिवार को संभव

**डोंगरगढ़।** जैन आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री वीरसागर महाराज का ससंघ शनिवार को चन्द्रगिरि में मंगल प्रवेश होने की संभावना है। प्रवक्ता अविनाश जैन एवं प्रचार प्रमुख निशांत जैन ने बताया मुनि संघ का मंगल विहार नागपुर से डोंगरगढ़ की ओर चल रहा है। नागपुर दिगंबर जैन परवार समाज के ट्रस्टी शीतल जैन ने बताया संघ में छुल्लक मननसागर, विचारसागर, मगन सागर, विरलसागर एवं ब्रम्हचारी शामिल हैं। मुनिसंघ ने रात्रि विश्राम डोंगरगांव में किया। कल गुरुवार की आहार चर्या श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर देवरी में होगी। शनिवार को प्रातः चंद्रगिरी तीर्थ में मंगल प्रवेश होने की संभावना है। श्री दिगम्बर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र चंद्रगिरी ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मुनिसंघ की मंगल अगवानी में शामिल होने की अपील की है।



## मधु बघेल ने ग्रामीणों से मांगा समर्थन

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 पटेवा से प्रत्याशी श्रीमती मधु भुनेश्वर बघेल ने पटेवा क्षेत्र के गोपालपुर चौक में अपने चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इस अवसर पर चुनाव में जनता के मुद्दे, क्षेत्र का विकास और विभिन्न विषयों में रणनीति बनाई गई। वहीं श्रीमती मधु भुनेश्वर बघेल ने अपने कार्यकर्ताओं का जनसहयोग से विचार जाना और सबकी राय से कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। चुनाव कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर डोंगरगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घुमका के अध्यक्ष रतनलाल यादव, गीतालाल वर्मा, मंथीर साहू, दिनेश पुराणिक, पार्वती साहू, कल्पना साहू, विवेक बारले, जयकुमार वर्मा, आशीष साहू, अमित राजपूत, संदीप वर्मा, कुंभलाल यादव, गणेश साहू, राजेश वर्मा, डाकेश्वर वर्मा, भुवनेश्वर बारले, चंद्रेश वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थिति थे।



### मतदाताओं से मांगा आशीर्वाद

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 पटेवा से पूर्व विधायक की पत्नी मधु भुनेश्वर बघेल ने अपनी जीत के लिए जनता का आशीर्वाद मांगा है। उन्होंने ग्राम भरकातोला, ढाबा, अमलीडीह, कोहाकूड़ा, नागालदाह पहुंचकर जनसंपर्क किया और पतंग छाप में मुहर लगाने की अपील की। इस दौरान मतदाताओं ने भी उन्हें अपना समर्थन दिया है।

### मतदाता ही परिवार

पतंग छाप से प्रत्याशी मधु भुनेश्वर बघेल गांव-गांव में जनसंपर्क के साथ ही नुक्कड़ सभा को भी संबोधित कर रही है। उन्होंने कहा कि वह अपने परिवार के पास आशीर्वाद मांगने आई है। उन्होंने कहा कि जनता मेरा परिवार है और मैं अपने परिवार के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ी रहूंगी। पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल और उनकी पत्नी मधु बघेल ने कोरोनाकाल के कठिन दौर में भी क्षेत्र की जनता की सेवा की थी। जिसके चलते उनकी सेवा भावना से भी क्षेत्र के लोग प्रभावित हुए थे।

## श्रद्धा से मनी गुरु पूर्णिमा

**छुईखदान।** प्राथमिक शाला जुझारा में गुरु पूर्णिमा उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर संत शिरोमणी रविदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जलित किया गया। शाला के शिक्षक को बच्चों ने तिलक लगाकर पुष्पा माला पहलनाया और श्रीफल से भेट किया। तत्पश्चात मोहित कुमार धुर्वे ने सभी बच्चों को स्मार्ट टीवी से गुरु और शिष्य की कहानी दिखाकर गुरु का महत्व बताया। संस्था प्रमुख ने गुरु शिष्य परम्परा और गुरुकुल शिक्षा व्यवस्था की जानकारी दी। बच्चों को प्रथम गुरु माता पिता एवं शिक्षक का जीवन में महत्व बताया। अंत में बच्चों का मुंह मीठा कराया गया।



## पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082



**खबर संक्षेप**

### डिप्टी सीएम विजय शर्मा आज जिले के प्रवास पर

**कवर्धा।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा गुरूवार को कबीरधाम जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न ग्रामों में नुक्कड़ जनसभाएं तथा दौरा करेंगे। जानकारी के मुताबिक उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा दोपहर 12.00 बजे ग्राम गांगपुर, 1.00 बजे पंडरिया, 2.00 बजे लघान, 3.00 बजे मरका, 4.00 बजे चचेड़ी, 5.00 बजे बिपतरा, 6.00 बजे कोयलारी, 7.00 बजे धौराबंद तथा 8.00 बजे मथानी कला पहुंचेगे।

# माघ पूर्णिमा पर डोंगरिया व झिरना में आयोजित मेला में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

- लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी, की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶पांडातराई/पिपरिया

चारों शंकराचार्यो एवं संत मनिषियों द्वारा प्रसंगित सुप्रसिद्ध जालेश्वर महादेव घाट में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मांघ शुक्ल के पावन पर्व पर ऐतिहासिक एवं पौराणिक मेला का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मेले का आनंद लिया वहीं स्थानीय नदी में श्रद्धा का डुबकी भी लगाई। उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत पाण्डातराई से 2 किलों मीटर की दूरी पर स्थित ग्राम डोंगरिया कला के समीप सुप्रसिद्ध स्वयं भू-जलेश्वर महादेव घाट में इस बार भी मांघ शुक्ल के पावन मौके पर 12 फरवरी को भव्य मेला का आयोजन किया गया। आयोजकों द्वारा इस भव्य एवं लोकप्रिय मेला की तैयारियां काफी समय से की जा रही थी। मेला के रोज सुबह से ही जलेश्वर महादेव घाट में दुकानदारों व लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। दोपहर होते-होते मेला अपने पूरे शवाब में पहुंच गया और मेला स्थल पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं दुकानदारों द्वारा भी मेला में मनहारी, खेल खिलौने, कपड़ा, खाद्य सामग्री, फल, सहित विभिन्न प्रकार की दुकाने सजाई गई थी। जिसमें लोगों ने जमकर खरीदारी की तथा मेला का आनंद लिया। इसी प्रकार प्रकार मांघ शुक्ल के मौके पर 12 फरवरी को झिरना नर्मदा कुण्ड परिसर में माघ पूर्णिमा झिरना मेले का आयोजन किया गया।

इस मेले में भी माघ पूर्णिमा पर सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर मेले का आनंद लिया वहीं नर्मदा कुण्ड में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। मांघ पूर्णिमा में जिले के अन्य धार्मिक स्थलो में भी मेला का आयोजन किया गया।



**पुलिस प्रशासन की रही चाक चौबंध सुरक्षा व्यवस्था**

थाना पाण्डातराई क्षेत्रांतर्गत ग्राम डोंगरिया खरहट्टा में एवं थाना पिपरिया क्षेत्रातर्गत ग्राम झिरना, कृतबांधा में पुन्नी मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिवर्षानुसार इस बार भी भारी भीड़ के आने की संभावना को देखते हुए मेला परिसर में ही अलग-अलग स्थानो पर पुलिस बल की तैनाती कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। पुलिस प्रशासन के मुताबिक पुलिस सहायता केन्द्र एवं अधिक भीड़ वाली जगहों पर पुलिस के जवान वर्दी में तथा शादी वर्दी में तैनात किए गए हैं। जो पाकेटमारों, चैन स्नैकरों तथा असामाजिक तत्वों पर नजर रख रहे हैं। वही भीड़ में बच्चों के गुम होने की स्थिति में उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखतें हुए मेला परिसर के चारों ओर पुलिस के चाक चौबंध व्यवस्था की गई है।


**कार्रवाई : रायपुर तेलीबांधा पुलिस ने कवर्धा से एक आरोपी को किया गिरफ्तार**

# इंटरनेशनल सेक्स रैकेट के कवर्धा से जुड़े तार, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

रायपुर पुलिस ने इंटरनेशनल सेक्स रैकेट का पर्दाफाश किया है। हैरानी की बात यह है कि इस इंटरनेशनल सेक्स रैकेट के तार कवर्धा से भी जुड़े हुए हैं। रायपुर पुलिस ने इस मामले में कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिमें एक आरोपी कवर्धा का भी शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 5 फरवरी को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड में विदेशी युवती ने एक स्कूटी को टक्कर मार दी थी और जमकर हंगामा मचाया था। इस हादसे में तीन युवक घायल हो गए थे। जिसमें से एक युवक अरूण कुमार विश्वकर्मा की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। प्रार्थी शाहरूख खान की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध थाना तेलीबांधा में अपराध क्रमांक 83/25 धारा 281, 125(ए), 110, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। बताया जाता है कि 5 फरवरी की रात व्हीआईपी मेन रोड फ्लावर वैली अमलीडीह जाने वाले रोड में कार क्रमांक सीजी/10/एफए/5046 के चालक द्वारा शराब के नशे में अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्टिवा वाहन को ठोकर मारकर दुर्घटना को अंजाम दिया गया था। हादसे के बाद पुलिस ने तेलीबांधा रायपुर की पुलिस ने कार में सवार आरोपिया युवती सहित आरोपी भावेश आचार्य पिता बीएस. आचार्य निवासी महावीर नगर गुरूद्वारा के पास थाना न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर से पूछताछ की लेकिन। लेकिन दोनो लगातार पुलिस को गुमराह करते रहे। लेकिन जब पुलिस ने इनसे कड़ाई से पूछताछ की तो बड़े इंटरनेशनल सेक्स रैकेट का खुलासा हुआ है। पूछताछ में युवती ने बताया कि वह उज्बेकिस्तान अण्डी जान क्षेत्र की निवासी है, जो जुगल कुमार के बुलाए जाने पर देह व्यापार के लिए मुंबई से रायपुर आकर एक होटल में रूकी थी। वहीं आरोपी भावेश आचार्य ने पूछताछ में बताया कि वह देह व्यापार के दलाल जुगल कुमार से मोबाईल फोन पर संपर्क कर युवती बुलाने बोला था, जिस पर जुगल कुमार द्वारा उज्बेकिस्तान की युवती को देह व्यापार के लिए रायपुर भेजा था।

**देह व्यापार के धंधे में कई दलाल सक्रिय**



आरोपी ने यह भी खुलासा किया किया कि इसके एवज में जुगल कुमार को 27,000 रूपए दिया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने जो खुलासे किए उसके बाद पुलिस ने कई ठिकानो में दबिस देकर कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जो इस इंटरनेशनल सेक्स रैकिट में दलाल के रूप में काम करते थे। इन 11 आरोपियों में एक आरोपी दुर्गेश पनागर पिता मोतीराम पनागर आयु 25 साल निवासी रविदास नगर वार्ड नम्बर 04 पीजी कॉलेज के पीछे थाना सिटी कोतवाली कवर्धा को भी गिरफ्तार किया गया है।

# 38 लाख 55 हजार कीमत की 4770 बल्क लीटर शराब जब्त

- आबकारी विभाग ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा/चिल्फी



विशेष रूप से बाहरी शराब और स्थानीय स्तर पर बनने वाली महुआ शराब के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रहे जिला आबकारी विभाग ने एक बार फिर बाहरी शराब की बड़ी खेप पकड़ी है। आबकारी विभाग ने इस बार आबकारी जांच चौकी चिल्फी के पास नाकाबंदी कर 330 पेटी कुल 16500 नग पौवा देशी मदिरा प्लेन नॉन ड्यूटी पैड तथा 4770 बल्क लीटर 26500 पौवा जप्त की है। जप्त शराब का बाजार मूल्य 38 लाख 55 हजार रूपए आंका गया है। इसके अलावा पुलिस ने अवैध शराब तस्करी में प्रयुक्त एक ट्रक को भी जप्त किया है तथा मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अन्य राज्य की अवैध शराब की संभावना को देखते हुए जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे द्वारा आबकारी जांच चौकी एवं अंतर्राज्यीय सीमा के विभिन्न संवेदनशील मार्गों में अवैध शराब के विक्रय/ धारण/ परिवहन के विरूद्ध सघन जांच करने हेतु दिशा निर्देश जारी किए गए थे। इन निर्देशों के परिपालन में आबकारी वृत्त बोड़ला की आबकारी जांच चौकी चिल्फी के समीप 12 फरवरी को मुखबिर से प्राप्त मौखिक सूचना पर आबकारी जांच चौकी चिल्फी के पास नाकाबंदी कर आयशर प्रो 3019 छह पहिया वाहन कंटेनर ट्रक क्रमांक आरजे 11जीसी 2927 को रोका गया और वाहन की तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान आबकारी विभाग की टीम ने टमाटर से भरी क्रेट्स में छिपाकर रखी हुई कुल 4770 बल्क लीटर मदिरा बरामद की। वहीं आरोपी राजवीर सिंह पिता घनश्याम सिंह यादव निवासी शिवपुरी मध्यप्रदेश के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम वर्ष 1915 यथा संशोधित की धारा 34(1)क, 34(2), 36, 59(क) के तहत प्रकरण कायम कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

इस कार्यवाही में वृत्त प्रभारी बोड़ला अभिनव कुमार रायजादा, आबकारी उप निरीक्षक गीता साहू, अभिनव आनंद बख्शी, रामानंद दीवान, आबकारी मुख्य आरक्षक विद्या सिंह परमार, भानुप्रताप चौहान आबकारी आरक्षक कमल मेश्राम, अमर पिल्ले, इम्तियाज खान, जगदीश सिंग उईके वाहन चालक डायमंड साहू, आबकारी जांच चौकी में तैनात सुरक्षा कर्मियों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# पंचायत चुनाव में पंच प्रत्याशी भी कर रहे हैं अपना घोषणा पत्र जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



अभी तक लोकसभा, विधानसभा, नगरीय निकाय जैसे चुनावों में ही पार्टी अथवा प्रत्याशी द्वारा चुनावी घोषणा पत्र जारी करते देखा गया है। लेकिन इस बार हो रहे त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में भी प्रत्याशी अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए बकायदा घोषणा पत्र भी जारी कर रहे हैं और मतदाताओं को अपने जारी घोषणा पत्र को पूरा करने की गारंटी भी दे रहे हैं। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में विकासखण्ड स. लोहारा की ग्राम पंचायत रक्से के वार्ड क्रमांक 09 से पंच पद के लिए चुनावी अखाड़े में उतरे ऐसे ही पंच प्रत्याशी नेतराम साहू ने अपने वार्ड के लिए चुनावी घोषणा पत्र जारी किया है और चुनाव जीतने के बाद घोषणा पत्र को पूरा करने की गारंटी भी मतदाताओं को दे रहे हैं। श्री साहू ने अपने घोषणा पत्र में निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के 1 साल से 17 साल के बच्चों का जन्मदिन मनाने के लिए 500 रूपए की नगद सहयोग राशि देने, छठ्ठी में 1100 रूपए की नगद सहयोग राशि देने, विवाह में 1100 रूपए की नगद सहयोग राशि देने, दशगात्र में 1100 रूपए की नगद सहयोग राशि देने तथा निर्वाचन क्षेत्र के हर ग्रामीण को साल में एक बार पूरे पांच सालों तक 200 रूपए की नगद सहयोग राशि देने का वादा किया है। ग्राम पंचायत रक्से के वार्ड क्रमांक 9 के पंच प्रत्याशी नेतराम साहू ने बताया कि इसके अलावा वे अपने वार्ड में शासन, प्रशासन के सहयोग से विकास एवं निर्माण कार्य तथा शासन की योजनाओं का लाभ वार्डवासियों को दिलाने हर संभव प्रयास व सहयोग करेंगे। उन्होने अपने घोषणा पर पत्र को गारंटी के साथ पूरा करने का आश्वासन दिया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस बार का त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच पद तथा पंच पद के लिए हजारों की संख्या में चुनावी अखाड़े में उतरे राजनैतिक दलों तथा गैर राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों के लिए प्रतिष्ठा का विषय बना हुआ है और हर प्रत्याशी चुनावीरण फतह करने के लिए ऐड़ी चोटी का जोर लगा रहा है। ग्राम पंचायत रक्से के वार्ड क्रमांक 9 के पंच प्रत्याशी नेतराम साहू के पूर्व भी नगर पंचायत सहसपुर लोहारा से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ने चुनाव जीतने पर महिलाओं के लिए नगर में पंडित प्रदीप महाराज की शिवमहापुराण कथा कराए जाने की घोषणा कर रखी है। माना जा रहा है कि जैसे जैसे-जैसे त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव की तिथि नजदीक आएगी इस तरह के चुनावी घोषणा के और भी पिटारे खुल सकते हैं।



# जिले के नगरीय निकायों की मतगणना 15 फरवरी को

- मतगणना स्थल पर मोबाईल एवं अन्य इलेक्ट्रानिक सामग्री लेकर जाना पूर्णत: वर्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत 15 फरवरी 2025 को सुबह 09 बजे से सभी नरीय निकायों के लिए डाले गए मतों की गणना (ईवीएम) कार्य किया जाएगा। नगर पंचायत और नगर पालिका के लिए बनाएं गए स्ट्रांग रूम में मतगणना कार्य किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में मतगणना कार्य के लिए आवश्यक तैयारी की जा रही है। मतगणना कार्य के सफल संपादन के लिए 13 और 14 फरवरी को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में गणना पर्यवेक्षक और गणना सहायकों को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना कार्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मतगणना के लिए 15 फरवरी को रिटर्निंग अधिकारी और प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को खोला जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायकों सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना तिथि को निर्धारित समय में मतगणना स्थल पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। मतगणना स्थल पर मोबाईल एवं अन्य इलेक्ट्रानिक सामग्री लेकर जाना पूर्णतः वर्जित है। उन्होंने बताया कि सभी नगरीय निकायों में मतगणना के लिए 120 टेबल लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि कवर्धा नगर पलिका के लिए 27 टेबल, पंडरिया के लिए 18, नगर पंचायत पाण्डातराई, बोड़ला, पिपरिया, सहसपुर लोहारा और इंदौरी के लिए 15-15 टेबल लगाई जाएगी। मतगणना अभ्यर्थी के लिए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था मतगणना हॉल के निकट रहेगी। मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना केंद्र के भीतर मोबाइल फोन, आईपैड, लैपटाप, स्माट वॉच या अन्य इलेक्ट्रानिक्स उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना स्टॉफ, अभ्यर्थी और उसके निर्वाचन, मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना हॉल के भीतर धूम्रपान, गुटखा, तंबाकु ले जाने की अनुमति नही होगी।

**पंचायत चुनाव और दो पत्नियों वाले चतुर सुजान ...**




**कोदवागोड़ान।** इस दुनिया में चतुर सुजानो की कमी नहीं है। सरकार के तमाम कायदा कानूनों और नियमों के बावजूद सरकारी नीतियों और योजनाओं में छेद बनाकर उन्हें अपने अनुकूल बना लेने वाले केवल शहरी क्षेत्र के पढ़े लिखे लोग ही नहीं हैं। गांवों में भी ऐसे बुद्धिमान बीरबल रहते हैं जो तमाम सरकारी योजनाओं में अपात्र होते हुए भी तिकड़मी बुद्धि के जरिए पात्रता की जुगाड़ कर हितग्राही बन जाते हैं। पंचायती राज में महिला आरक्षण होने के बावजूद पत्नी का प्रतिनिधि बनकर पतियों द्वारा विभिन्न पदों का संचालन तो आम बात है मगर सरपंची पद हथियाने के लिए दो पंचायत, दो पत्नी वाले मामले भी देखने को मिल रहे हैं। ग्रामीण और वनवासी अंचलों में प्रचलित चूड़ी प्रथा के तहत दो पत्नियां रखने का रिवाज रहा है। आज कल शहरी क्षेत्रों में पनप रहे लिव इन रिलेशनशिप को भी कुछ इसी तरह कहा जा सकता है। ऐसे ही दो दो पत्नियों वाले कुछ चतुर सुजान देखे जा सकते हैं जिनकी एक पत्नी का नाम उनके मूल निवास वाले ग्राम में दर्ज होता है तो दूसरी अर्थात उप पत्नी का नाम उसके मायके या किसी अन्य गांव की मतदाता सूची में जोड़वा लिया जाता है। इसके चलते वो दोनों में से किसी एक अथवा फिर दोनों ही पंचायतों से चुनाव लड़ने की जुगत बैठा लेता है। पंडरिया क्षेत्र में ऐसे उदाहरण पूर्व में भी देखे गए हैं और आज भी देखे जा सकते हैं।

# नगरीय निकायों की ईवीएम मशीन को स्ट्रांग रूम में किया गया सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी सातों नगरीय निकाय नगर पालिका कवर्धा, पंडरिया, नगर पंचायत पाण्डातराई, बोड़ला, पिपरिया, सहसपुर लोहारा और इंदौरी क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में मतदान के लिए उपयोग में लाई गई ईव्हीएम मशीन को रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी और प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम में सीलिंग की गई। नगर पालिका कवर्धा के लिए पीजी कॉलेज में रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती मोनिका कौड़ो, सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुश्री आकांक्षा नायक और प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतदान केंद्रों में मतदान के लिए उपयोग में लाई गई ईव्हीएम मशीन को स्ट्रांग रूम में सीलिंग की गई। इस पूरे प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। इसके अलावा सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की गई है।

**आरक्षण ने कइयों को बनाया रंक से राजा, कईयों को बगैर हांथ पैर मिला सत्ता का सिंहासन**

# पंचायती राज व्यवस्था में आरक्षण से बनते पंच परमेश्वर और उनकी तथा कथा..

रविनंदन पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवागोड़ान

पंचायती राज व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायतों में चक्रीय आरक्षण प्रणाली लागू होने के बाद जहां एक ओर कितने ही परम्परागत ग्रामीण शहंशाहों के सिर से ताज छिन गए, वहीं न जाने कितने ही अनजाने, दीनहीन और उपेक्षित रहे लोगों के सिर पर ताज रखे जाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। वर्षों तक ग्राम प्रधानी की पॉवर में रहे और भविष्य में भी पावर में बने रहने का सपना देखने वाले कितने ही लोगों के अरमान आरक्षण प्रणाली के चलते बिखर गए, वहीं कुछ ऐसे भी हैं, जिन्होंने कभी पंच बनने का भी सपना नहीं देखा था, उन्हें एक तरह से जबरन सरपंची का ताज मिलने लगा है। संभवतः इसे ही तकदीर का खेल कहा जाता है। कहते हैं किस्मत में राजयोग का होना और राजयोग का खोना दोनों ही निर्धारित रहता है। कई बार ऐसा होता है कि, अचानक उत्पन्न परिस्थितियों के चलते कोई राजा से रंक बनकर सड़कों पर आ जाता है, तो वहीं सड़क का भिखारी अनायास ही सत्ता के सिंहासन तक पहुंच जाता है। पंचायती राज व्यवस्था लागू होने के बाद त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन में जबसे आरक्षण की प्रक्रिया अपनाई गई है, तबसे ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक ऐसे उदाहरण देखने और सुनने को मिल रहे हैं जिसके तहत कितने ही ऐसे लोग जो अपने आप को गांव का स्थायी सरताज समझते रहे हैं, उन्हें जमीन पर आना पड़ा, और जिन्हें वे अब तक अपने पांव की जूती समझते रहे, आज उन्हीं के सिर पर पंचायती सत्ता का ताज सौंपना पड़ा। आगामी 20 फरवरी को होने वाले पंचायत चुनावों के लिए गत दिनों लाटरी निकालकर आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की गई। चूंकि, जिला और जनपद पंचायतों के क्षेत्र बड़े होते हैं, अतः इनके लिए तो हर वर्ग में प्रत्याशी मिल जाते हैं, लेकिन तकदीर पलटने और सपने में भी नहीं सोचा गया सरपंची का ताज एक तरह से स्वयं चलकर सिर पर बंध जाने की घटना ग्राम पंचायत के पिछले चुनावों में भी देखने-सुनने को मिली तथा आगे भी देखने को मिलेगी। पंडरिया क्षेत्र के वनवासी अंचल की अनेक ग्राम पंचायतें अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हुई है। अंचल की कई ऐसी ग्राम पंचायतें हैं, जहाँ पूरी आबादी ही आदिवासियों की है। ऐसे गांवों में कहीं-कहीं पौनी पसारी के रूप में एकाध घर अनु जाति परिवार का रहता है। इसी तरह कुछ ग्राम पंचायतें सामान्य और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हुई है, वहां भी स्थिति ऐसी ही है। कुछ साल पहले पहाड़ों पर स्थित तेलियापानी ग्राम पंचायत पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हुई थी। जबकि यह पंचायत पूरी तरह बैगा आदिवासियों की आबादी वाली है। बताया जाता है कि उस समय संयोग से यहाँ गाय चराने वाला एक यादव परिवार बाहर से आकर बस गया था। जाहिर है अभी तक गांव के गाय चराने वाला नौकर अथवा पौनी पसारी के रूप में रहा चरवाहा अनायास ही पांच साल के लिए सरपंच बन कर अपने मालिकों का ही भाग्य विधाता हो गया। मिली जानकारी के अनुसार पंडरिया विकासखंड के वनांचल में स्थित ग्राम पंचायत नेउर जो कि अनुसूचित जन जाति बाहुल्य है, किन्तु इस बार आरक्षण के चलते यहां अनुसूचित जाति वर्ग से सरपंच चुना जाना है। बताया जाता है कि वर्तमान में यहाँ इस वर्ग का कोई भी नहीं है। अब वहां या तो दुबारा आरक्षण होगा, अथवा फिर वर्तमान चुनाव के बाद सरपंच विहीनता की स्थिति में उपसरपंच के सहारे काम चलाया जाएगा। जहां एक ओर लोग सरपंच बनने के लिए आजकल मारामारी पर उतर आते हैं, हजारों की हद से बढ़कर लाखों रूपये तक चुनाव में बहाने तैयार रहते हैं, फिर भी बहुतों को असफलता ही हाथ लगती है। वहीं दूसरी ओर आरक्षण व्यवस्था के चलते कुछ राजयोग वालों को यह पद थाल में सजाकर मिल जाता है। यहां तक कि जमानत का पैसा भी गांव वाले देते है। कोदवा गोड़ान पंचायत में ही एक बार ऐसा हो चुका है, जब यह पंचायत अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित हुई थी और तब यहां के लोगों ने अनुसूचित जाति वर्ग की ऐसी महिला को अपना सरपंच चुना, जो अब तक गरीबी और लाचारी का जीवन जी रही थी।

'गांव में घर न खार में खेत' वाली कहावत को चरितार्थ करने वाली स्थिति थी। बस्ती के बाहरी छोर में शासकीय भूमि पर बने छोटे से कच्चे मकान में रहकर परिवार के साथ दूसरों की मजदूरी करके गुजर बसर करने वाली महिला के फार्म भरने से लेकर चुनाव संबंधी सारी व्यवस्थाएं दूसरों ने की थीं और वो पांच साल इस पंचायत की सरपंच रही।

## आयुक्त ने कर्मचारियों की ली बैठक

# निगम कर्मियों को सौंपे गए दायित्वों का समर्पित भाव से कार्य करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बुधवार को निगम सभागृह में नगर निगम के सभी विभागों के कर्मचारियों की बैठक लेकर स्थानीय निर्वाचन में सौंपे गए दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करने पर आभार व्यक्त करते कार्यालयीन अवधि में उपस्थित रहकर सौंपे गए दायित्वों का समर्पित भाव से कार्य करने कहा।

आयुक्त विश्वकर्मा ने निगम के सामान्य प्रशासन विभाग, लेखा, जन्म-मृत्यु, लोककर्म, विद्युत, जल, सफाई, मोटर, राजस्व विभाग, प्रधानमंत्री आवास में कार्यरत सभी कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत नगर निगम राजनांदगांव के महापौर एवं पार्षदों के निर्वाचन के लिए कर्मचारियों को सौंपे गए दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल तथा स्थानीय निर्वाचन प्रेक्षक जयश्री जैन ने भी अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार अपने अपने दायित्वों का हर समय निर्वाहन करना है।

आयुक्त ने कहा कि नौकरी के पूर्व हमारी मानसिकता होती है कि हम नौकरी लगने पर निष्ठा एवं इमानदारी से कार्य करेगे, हमें उसी मानसिकता से काम करना है, तभी हम सफल होंगे। कार्यालय में हमारा व्यवहार संयमित और मर्यादित होनी चाहिए, कार्यालयीन समय में उपस्थित रहकर अपने कार्यों का कर्मठतापूर्वक इमानदारी से निर्वाहन करना है। उन्होंने कहा कि कुछ कर्मचारी समय में उपस्थित नहीं होते, शासन द्वारा प्रातः 10 बजे से कार्यालयीन कार्य प्रारंभ करने का समय निर्धारित किया गया है। निर्धारित समय में सभी कर्मचारियों को कार्यालय में उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वाहन करना है तथा अपने उच्च अधिकारियों के आदेशों को मानना है, उसकी अवहेलना नहीं करनी है।

## कर्मचारियों के कार्यों की सराहना



### इमानदारी से करें राजस्व वसूली

आयुक्त विश्वकर्मा ने कर्मचारियों से कहा कि नगर निगम का बहुत महत्वपूर्ण विभाग राजस्व विभाग होता है। राजस्व विभाग के सभी कर्मचारी इमानदारी से राजस्व वसूली करें। वर्तमान में क्यूआर कोड से मोबाइल के माध्यम से भी वसूली की जानी है। आप सभी क्यूआर कोड रख वसूली करें। जिससे आप लोगों को सुविधा होगी एवं अच्छी वसूली भी आएगी। बैठक में उपायुक्त मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता दीपक खांडे सहित सभी विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे।

### उच्चाधिकारियों को कराएं अवगत

आयुक्त ने कहा कि समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण करना है, बहुत सी जानकारियां समय में देने की रहती है, जिसे समझकर तत्काल उपलब्ध कराना है। किसी प्रकार की परेशानी या कार्य में कठिनाई पर अपने उच्च अधिकारियों को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अनावश्यक अवकाश पर न रहे, अवकाश लेने का भी नियम है। सभी को 13 आकास्मिक अवकाश लेने का प्रावधान है, लेकिन उसे माह में 1 अवकाश लेना है। जबकि कुछ लोग अनावश्यक रूप से लंबा अवकाश ले लेते हैं। बिना कोई ठोस कारण व मेरी बिना अनुमति के कोई भी अवकाश में नहीं रहेगा। इसी प्रकार बिना कारण मुख्यालय नहीं छोडेगे, मुख्यालय छोडने के पूर्व उच्च अधिकारी को अवगत कराएंगे।

### पद का न करें गलत इस्तेमाल

आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि नगर निगम बहुत महत्वपूर्ण विभाग है, जो जनता से सीधा जुड़ा होता है और लोगों के दैनिक जीवन की महत्वपूर्ण आवश्यकता जैसे राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु व विवाह प्रमाण पत्र, निराश्रित पेंशन के अलावा बिजली, पानी, सफाई जैसी मूलभूत सुविधा निगम द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। इस दृष्टिकोण से हमारा कार्यालय बहुत महत्वपूर्ण है और इसकी महत्ता को समझ सभी को अपने दायित्वों का निर्वाहन करना है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कार्यालयीन समय में इधर उधर घूमते हैं, वैसे ही निगम की जानकारी लोगों को उपलब्ध कराते है, जो कि हमारे कार्य के विरूद्ध है, जिसे जानकारी चाहिए वो लिखित में देगा और उसे जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। आप अपने पद का गलत इस्तेमाल न करें। इस संबंध मे मैंने पूर्व की बैठक में भी कहा है। इसके अलावा शासन के दिशा निर्देशों का पालन कर योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना भी हमारा दायित्व है। नागरिकों के कार्यों को प्राथमिकता देते समय-सीमा में पूर्ण करना है।

## गांव के छह पैरावट में लगी आग, मशक्कत बाद पाया काबू



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम विष्णुपुर में रखे छह पैरावट में दोपहर के समय अचानक आग लगने की घटना हुई। जिससे गांव में सनसनी फैल गई थी। काफी मशक्कत के बाद देर शाम तक आग पर काबू पाया जा सका, तब लोगों ने राहत की सांस ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ठेलकाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विष्णुपुर में दोपहर लगभग साढे तीन बजे किसानों के रखे 6 पैरावट में अचानक आग लगने की घटना हुई। जिससे गांव में सनसनी फैल गई थी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी। इस बीच ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। शाम के समय मौके पर फायर बिग्रेड की टीम पहुंची और आग पर काबू पाने मशक्कत की। बताया गया कि पैरावट में आग लगने से 6 पैरावट जलकर खाक हो गए।

### आज इंदामरा में मड़ई

**राजनांदगांव।** ग्राम इंदामरा में 13 फरवरी को मड़ई का कार्यक्रम रखा गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा राधा कृष्ण नाचा पार्टी ग्राम दुर्रेबंजारी वालों का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी अगेश्वर वर्मा प्रदेश सह संयोजक छात्र युवा मंच द्वारा दिया गया।

# रानी सूर्यमुखीदेवी मेमोरियल ऑल इंडिया फ्लड लाइट टी-20, उड़ीसा सेमीफाइनल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रानी सूर्यमुखी देवी मेमोरियल ऑल इंडिया फ्लड लाईट टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के पुल बी के लीग मैच की शुरूआत मंगलवार से हुई। पिछले वर्ष की विजेता छत्तीसगढ़ और उपविजेता ओड़िसा पहले ही पुल ए से सेमीफाइनल में जगह बना चुकी है। मंगलवार को पुल बी के पहले मुकाबले में डीसीए राजनांदगांव को 8 विकेट से हराकर झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन ने चैम्पियनशिप में जीत से खाता खोला। वहीं क्रिकेट एसोसिएशन उत्तराखंड ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। झारखंड के अरविंद कुमार और उत्तराखंड के अवनीश सुधा प्लेयर ऑफ द मैच रहे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार स्व. महेंद्र सिंह बग्गा स्मृति अंशु बग्गा, तथागत पांडे, जीवन प्रकाश गौतम, अजय तिवारी, ईश्वर सिन्हा, निशांत राठौर, विकास टांटिया, सीएम मोरवी, अनीश राठौर, भरत काथरानी एवं अशोक डागा द्वारा दिया गया

पुल बी की टीमों में सेमीफइनल के लिए रोमांचक भिड़ंत के आसार हैं। राजस्थान, उत्तराखंड और झारखंड की टीमों में रणजी, विजय हजारे और सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी खेल चुके खिलाड़ियों की जमात शामिल है। इनमें अंडर-19, अंडर-23 खेलने वाले खिलाड़ी भी शामिल है। दिग्विजय स्टेडियम की बैटिंग पिच पर बल्लेबाजों को बेहतर मदद मिल रही है। दूसरी ओर गेंदबाजों ने भी यहां अपना लोहा मनवाया है।



### झारखंड की पहली जीत

पहले मुकाबले में जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव ने पहले बल्लेबाजी की। टीम के टॉप आर्डर के बल्लेबाज झारखंड के गेंदबाजों के सामने सफल नहीं रहे। 5वें नंबर में बल्लेबाजी करने उतरे दीपक यादव ने मात्र 44 गेंद पर नाबाद 60 रन बनाए। 8वें नंबर के बल्लेबाज शहबान खान ने भी 30 रन जोड़े। इस तरह टीम का स्कोर 6 विकेट पर 152 रन पहुंचा। झारखंड की ओर से मोहित कुमार और पंकज यादव ने 2-2 विकेट लिए। इसके जवाब में झारखंड की ओपनिंग जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी से शुरूआत की। सलामी जोड़ी अरविंद कुमार (86 रन) और श्रेष्ट सागर (31 रन ) ने ये मैच डीसीए से छीन लिया। 17वें ओवर में झारखंड ने 153 रन बनाकर 8 विकेट से बड़ी जीत दर्ज की।

### आज के मैच

4.30 बजे डीसीए राजनांदगांव बनाम क्रिकेट एसोसिएशन उत्तराखंड।

8.30 बजे झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन बनाम राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन।

### अवनीश के दोहरे प्रदर्शन के सामने राजस्थान ढ़ेर

पुल बी के दूसरे मैच में क्रिकेट एसोसिएशन उत्तराखंड और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन आमने-सामने थे। दोनों ही टीमें बीसीसीआई टूर्नामेंट्स में जलवा बिखेर चुके खिलाडियों से सजी हुई है। माना जा रहा था कि दोनों में कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी, लेकिन उत्तराखंड ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करते राजस्थान को 109 रन पर ही ढ़ेर कर दिया। विकास लोहिया (23 रन) और जतिन सैनी (23 रन) ही टीम के लिए रन बटोर सके। उत्तराखंड के कप्तान अवनीश सुधा ने 4 महत्वपूर्ण विकेट लिए। 110 रन के लक्ष्य के लिए मैदान में उतरे उत्तराखंड में सलामी बल्लेबाजों अवनीश सुधा (61 रन) और संस्कार रावत (31 रन) ने ही टीम की जीत तय कर दी। 13वें ओवर में ही उत्तराखंड ने 8 विकेट से जीत हासिल कर ली। चैम्पियनशिप में दर्शकों को गगनचुंबी छक्कों के साथ आतिशी बल्लेबाजी देखने मिल रही है। गैलरी में बैठे दर्शक अगर बाल को कैच कर लेते हैं तो उन्हें रोहित रियलिटी द्वारा 2100 रुपए का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।

## भारत भ्रमण पर भेजे गए छात्र-छात्राएं

**मोहला।** 44वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के तत्वाधान में गृह मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केन्द्र संगठन राजनांदगांव द्वारा पूर्व प्रायोजित 16वां आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत मोहला मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत आने वाले आदिवासी गांवों के के 13 छात्र व 17 छात्राएं आदिवासी प्रतिभागियों को भारत भ्रमण अभियान के तहत दिल्ली भेजा जा गया है। यह भ्रमण दिल्ली एवं आसपास के टूरिस्ट क्षेत्र में 13 से 19 फरवरी तक संपन्न करवाया जाएगा। इस भ्रमण के लिए मुकेश कुमार धस्माना सेनानी 44वीं वाहिनी के मार्गदर्शन एवं शिवप्रसाद सती उप-सेनानी 44वीं वाहिनी भातिसीपु बल के निर्देशन में कार्यक्रम में भाग लेने वाले युवाओं को देश की संस्कृति, वेशभूषा, भाषा, रहन-सहन, व्यवहार एवं देश में हो रहे लगातार बदलाव के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ युवाओं को गृह मंत्रालय/भारत सरकार द्वारा आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही राष्ट्र के विकास में अपना बहुमूल्य सहयोग देने प्रेरित किया। मुकेश कुमार धस्माना ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासी युवाओं को देश के विभिन्न स्थानों की भाषा लोकाचार एंव जीवनशैली की समझ शिक्षित रोजगार के अवसर को तलाशना व ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्मारकों को देखना है। इस प्रोग्राम में हिस्सा ले रहे प्रतिभागियों का चयन निरीक्षक राधेश्याम कुमावत 44वीं वाहिनी भातिसीपु बल व प्राचार्य राजकीय श्याम शाह नवीन कॉलेज मानपुर तथा नेहरू युवा केन्द्र राजनांदगांव द्वारा किया गया है। मुकेश कुमार धस्माना एवं अधिकारियों व हिमवीर जवानों द्वारा 16वां आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम चंडीगढ़ में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर मा.ति.सी.पु. बल पानाबरस कैम्प से विदा करने के साथ-साथ प्रतिभागियों को सफल एवं मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी गई।

# मोबाइल में अनजान नंबरों के वीडियो कॉल न करें रिसीव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम एवं कमलादेवी राठी गर्ल्स कॉलेज राजनांदगांव में स्कूली छात्र-छात्राओं को कैरियर गाइडेंस एंड मोटिवेशन, सायबर अपराध, महिला सशक्तिकरण व यातायात नियमों के संबंध में जागरूक किया गया।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियाम एवं कमलादेवी राठी गर्ल्स कॉलेज राजनांदगांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा पर जोर देते महत्वपूर्ण कैरियर गाईडेंस दिया गया। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं को बढ़ते सायबर अपराधों से बचने हेतु अधिक से अधिक जागरूक रहने की सलाह दी गई।

### सायबर क्राईम से बचने के बताए उपाय

एसपी मोहित गर्ग द्वारा वर्तमान में हो रहे अधिकतर सायबर अपराध जैसे डिजिटल अरेस्ट, शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड, एपीके फाईल फ्रॉड के बारे में चर्चा करते उससे बचने के उपाय के बारे में समझाया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाटसएप, टेलीग्राम को सुरक्षित एवं सावधानीपूर्वक इस्तेमाल करने व सायबर अपराधों से बचने के लिए उक्त सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मजबूत प्राईवेसी सेटिंग प्रोफाईल लॉक ऐक्टिव कर अपनी पर्सनल, सेंसिटीव जानकारी न शेयर करने, मजबूत पासवर्ड बनाने को कहा गया।

छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अनजान लोगों से दूर रहने की सलाह दी गई। सोशल मीडिया पर अनजान नंबरों व आईडी से आए वीडियो कॉल रिसीव न करने को कहा गया। सायबर अपराध से बेहतर तरीके से निपटने हेतु अपने घर, परिवार, दोस्त-यार और अन्य रिश्तेदारों को भी जागरूक करने को कहा गया। वर्तमान में एपीके फाईल के माध्यम से हो रहे मोबाइल हैकिंग व धोखाधड़ी से बचने के लिए परिचित व अपरिचित के माध्यम से आए हुए एपीके फाईल लिंक या अन्य लिंक को ओपन नहीं करने के बारे में बताया गया। इसके अलावा ठगी के शिकार होने पर स्थानीय पुलिस व तत्काल गृह मंत्रालय के पोर्टल या सायबर हेल्प लाईन नंबर 1930 में ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की सलाह दी गई।


### नवीन कानून की दी जानकारी

इसके अलावा वर्तमान में लागू नवीन कानून- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम, महिलाओं एवं बच्चों के साथ होने वाले अपराधों से बचने के उपाय की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ डॉ. दुर्गा शर्मा, खुशबू राजपूत, हर्षा कुशवाह, डॉ. नीता नायर, हरप्रित कौर गरचा, बृजबाला उईके व कॉलेज की छात्राएं एवं पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में राजनांदगांव शहर के स्कूली बच्चे उपस्थित थे।









## नगर व क्षेत्र के सनातनियों में भक्तियम का माहौल, सनातन परंपरा के साथ धर्मनगरी ने किया अभूतपूर्व स्वागत

# जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद की धर्मसभा में जुटी हजारों श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

श्रीमज्जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी हिंदू राष्ट्र अभियान के अंतर्गत अपने चार दिवसीय कार्यक्रम में देर शाम कवर्धा पहुंचे। आदित्यवाहिनी सहित सम्पूर्ण नगरवासियों ने उनका अभूतपूर्व अभिनंदन किया। विदित हो कि जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने साढ़े तीन वर्षों में भारतवर्ष के हिंदू राष्ट्र होने की घोषणा की है। इसी हिंदू राष्ट्र अभियान के तहत सम्पूर्ण देश में उनकी हिन्दू राष्ट्र संगोष्ठी तथा धर्म सभाएं हो रही हैं। आप श्रीमन्नारायण की गुरु परम्परा में सनातन धर्म के सर्वोच्च, सर्वमान्य एवं सार्वभौम धर्मगुरु हैं। आप ऐसे सिद्ध महापुरुष हैं जिनकी वाणी विषयों का अनुगमन नहीं करती बल्कि विषय उनकी वाणी का अनुगमन करते हैं। ऋग्वेदीय पूर्वामनाय गोवर्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित श्रीमद् जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वती जी महाभाग का हिंदू राष्ट्र अभियान के अंतर्गत 12 फरवरी से 15 फरवरी तक कवर्धा में प्रवास है।

आज उनके नगर आगमन पर आदित्यवाहिनी संस्था के पदाधिकारियों के साथ साथ बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद सहित नगरवासियों द्वारा ठाकुर देव चौक से जगतगुरु शंकराचार्य को स्वागत करते हुए बाइक रैली के माध्यम से नवीन बाजार गुरु गोविंद सिंह चौक वीर स्तंभ चौक अंबेडकर चौक राजमहल चौक से होते हुए शहीद कौशल यादव चौक तक लाया गया। उसके बाद शहीद कौशल यादव चौक में बड़ी संख्या में कवर्धा वासी हाथ में आरती का थाल लिए हुए स्वागत करते हुए खड़े थे। वैदिक ब्राह्मणों के द्वारा स्वस्तिवाचन किया जा रहा था था झांझ मंजीरों, शंख और घड़ी घंटों की मधुर ध्वनि के साथ पारंपरिक रूप से एवं विशुद्ध सनातन परंपरा के साथ जगद्गुरु जी का स्वागत किया गया एवं आसपास के लगभग 25 कीर्तन मंडलियों एवं रामधुनी के साथ बूढ़ा महादेव मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर होते हुए यूनियन चौक स्थित आशीष दुबे के निवास स्थान तक उन्हें अभिनंदन पूर्वक लाया गया। यहां पूज्यपाद का 15 फरवरी तक निवास होगा। जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने निवास स्थान पहुंच कर संगोष्ठी स्थल पर नगरवासियों को दर्शन दिए इस दौरान पादुकापूजन भी किया गया।






### पादुका पूजन, दर्शन दीक्षा आज व कल

आयोजकों से मिली जानकारी के मुताबिक 13 एवं 14 फरवरी को सुबह 11.30 बजे यूनियन चौक स्थित प्रांगण में दर्शन दीक्षा पादुका पूजन एवं संगोष्ठी का आयोजन होगा तथा दोपहर 3:30 बजे से सरदार पटेल मैदान में धर्मसभा का मंगलमय आयोजन होगा। जहां पूज्यपाद श्रीमद्जगतगुरु शंकराचार्य जी महाभाग के मुखारविंद से एवं उनकी अमृतमई वाणी में धार्मिक, आध्यात्मिक एवं राष्ट्रभक्ति पर आधारित धर्मोपदेश श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। 15 फरवरी को पुनः प्रातः कालीन सत्र में 11:30 बजे से दर्शन दीक्षा पादुका पूजन एवं संगोष्ठी का कार्यक्रम यूनियन चौक में होगा उसके बाद शाम 4:00 बजे वे ग्राम मड़मड़ा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### दूसरे जिलों से पहुंच रहे श्रद्धालु

धर्मनगरी कवर्धा में हिंदू राष्ट्र अभियान के अंतर्गत अपने चार दिवसीय कार्यक्रम में धर्म नगरी कवर्धा पहुंचे श्रीमज्जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वती जी की धर्मसभा में शामिल होने कवर्धा जिले के अलावा समूचे छत्तीसगढ़ से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। बुधवार को आयोजित धर्मसभा में क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय सपत्निक तथा पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने भी आयोजन स्थल में पहुंचकर जगतगुरू शंकराचार्य के प्रवचन का लाभ लिया। वर्षो बाद श्रीमज्जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वती जी के धर्मनगरी कवर्धा आगमन को लेकर लोगों में खासा उत्साह और खुशी देखने को मिल रही है।




# पेंड्रीकला में श्री अखण्ड नवधा रामायण मानस सम्मेलन का आयोजन


- ग्रामीण व श्रद्धालु जन बड़ी संख्या में कथा सुनने पहुंच रहें।

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

पेंड्रीकला में नौ दिवसीय 10 से 18 फरवरी तक श्री अखण्ड नवधा रामायण मानस सम्मलेन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्राम पेण्ड्रीकला व आसपास क्षेत्रवासी गण मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम भगवान की गुणगान व कथा व भजन के माध्यम से भक्तजनो को कथा रसपान कराया जा रहा है। जिसमें इस नौ दिवसीय श्री अखण्ड नवधा रामायण मानस गायन सम्मेलन में क्षेत्र के मानस मण्डली द्वारा बड़ी संख्या में पहुंचकर कथा रसपान कराया जा रहा है।

ग्राम पेण्ड्रीकला व क्षेत्र में श्रीराम नाम की भजन गायन की गंगा में श्रद्धालु गण डूबकी लगाकर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे है। जिससे क्षेत्र में भक्तिमय का वातावरण बना हुआ है।

# झिरना में माघी पूर्णिमा मेला का भव्य आयोजन उमड़ा जन सैलाब



हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ स्थल झिरना नर्मदा में माघ पूर्णिमा के पावन पर्व पर माघी पूर्णिमा मेले का आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच कर पवित्र कुण्ड में स्नान कर प्राचीन शिवालय मंदिर मे पूजा-अर्चना किया।

जिसमें व्यापारियों द्वारा विविध दुकाने सजाई गई जिसमें लोगों द्वारा जमकर खरीददारी की गई, खास तौर पर मिठाई, फल, कपड़े, मनिहारी, चाट-गुपचुप के ठेलो, चूडियां, खिलौने व फोटो स्टुडियो में खासी भीड़ रही। वही लोग झूले का भी लुप्त उठाया। साथ ही साथ व्यापारियों द्वारा मेले में बच्चों के लिए हवाई झूले खास आकर्षण रहा। उल्लेखनीय है कि यहां वर्षभर धार्मिक अनुष्ठान लगातार चलते रहते हैं जिसमें बहुत से समाज द्वारा मन्दिरो का निर्माण भी कराया गया है पिपरिया-कवर्धा नर्मदा झिरना मेला के प्रति आसपास क्षेत्र के लोगों मन में भारी उत्साह बना रहता है उन्हे वर्ष भर मेले की प्रतीक्षा रहती है।

ग्राम पंचायत चरडोंगरी के पंच दुर्गा राम साहू, शिक्षक नंदकुमार शर्मा स्थानीय निवासी बिरेन्द्र गुप्ता के अनुसार यहां मेले का इतिहास लगभग दो से ढाई सौ वर्ष पहले का माना जाता है। जिसमें क्षेत्र व दूर दराज के ग्रामीणों की भारी संख्या में भीड़ उमड़ी।

### महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती पर यज्ञ का आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** आधुनिक भारत के शुभचिंतक तथा आर्य समाज के संस्थापक महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती सम्पूर्ण भारत वर्ष में हर्षोल्लास के साथ मनाया। महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर बोड़ला ब्लाक अंतर्गत बाल योग शाला ग्राम जैतपुरी रामचुवा के योगसाधको ने सामूहिक यज्ञ कर नमन किया। इस बीच पतंजलि योग समिति जिला के जिला यज्ञ प्रभारी योग प्रशिक्षक हरिराम साहू ने महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन गाथा को बताया की भारतीय संस्कृति के उद्धारक एवं आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती एक महान देशभक्त और भारत माता के सच्चे सपूत रहे, जिन्होंने भारत के राजनीतिक दर्शन और संस्कृति के विकास के लिए अथक प्रयास किया। स्वामी दयानंद सरस्वती अपना सर्वस्व जीवन राष्ट्रहित में, समाज में प्रचलित अंधविश्वास एवं कुरीतियों को दूर करने के लिए समर्पित कर दिए, उन्होंने अपने ओजस्वी विचारों से समाज में नवचेतना का संचार जागृत किया। सन 1857 की क्रांति में महर्षि दयानंद सरस्वती का योगदान रहा, उनसे प्रेरित होकर पं रामप्रसाद बिस्मिल, लाला राजपत राय, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह जैसे महान देशभक्त हुए साथ ही उन्होंने बाल विवाह, सती प्रथा, वर्ण भेद आदि समस्याओं को लेकर समाज को जागरूक किया। इन समस्याओं का समाधान का मार्ग भी बताया। महर्षि दयानंद सरस्वती ने नारी शिक्षा, नारी समानता, विधवा पुनर्विवाह अपने विचारों से समाज को सहमत किया। उन्होंने सत्यार्थ प्रकाश नामक अमर ग्रंथ लिखा, साथ ही साथ संस्कार विधि ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका भी लिखा, उन्होंने जनमानस को वेदों की ओर पुनः लौटने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गौ करुणा निधि पुस्तक भी लिखा जिसमे गौ-माता की जानकारी वेदों के मंत्रो के साथ दिया और गौ-माता के महत्व को जनमानस तक पहुंचाया, उन्होंने गुरुकुल शिक्षा प्रणाली पर विशेष ध्यान दिया।

# शालेय राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में जिले के पांच खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वधान में 68वी शालेय राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल 14 वर्ष बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन महाराष्ट्र के संभाजी नगर में 13 से 16 फरवरी तक आयोजित होने जा रहा है, जिसमे छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका दोनों वर्गो की टीम भी सम्मिलित होगें।



जिसके लिए छत्तीसगढ़ के बालिका टीम में नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से श्रेया पाली, वैनी पाटिल और बालक वर्ग में शुभम सेन एवं सचिन का चयन हुआ है साथ ही बालिका टीम के मैनेजर के रूप में श्रुति ठाकुर को नियुक्त किया गया है, जो 10 फरवरी को रायपुर के रेल्वे स्टेशन से रवाना हुए। अकेडमी प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि अकेडमी के इन खिलाड़ियों का चयन कवर्धा में ही आयोजित हुए राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल जूनियर 14 वर्ष प्रतियोगिता में दुर्ग जोन द्वारा स्वर्ण पदक लगाया गया था, जिनमें इन पांचों खिलाड़ियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा था, जिससे इनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु किया गया है जो जिले के लिए गौरव की बात है और ये सभी खिलाड़ी महाराष्ट्र में हो रहे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक लगाकर प्रदेश व जिले का नाम रोशन करेंगे। जिस पर जिले के पांच खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल 14 वर्ष प्रतियोगिता में चयनित होने के उपलक्ष्य पर कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय त्रिपाठी, जिला वनमण्डल अधिकारी शशि कुमार, पुलिस अधीक्षक धमेंद्र सिंह, अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल संघ उपाध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा, जिला खेल अधिकारी दिनेश साहू, अशोका पब्लिक स्कूल चेयरमैन पवन देवांगन, वरिष्ट समाज सेवी अतुल देशलहरा, व्यायाम शिक्षक दिनेश वर्गीस, श्याम चकोर एवं समस्त खिलाड़ियों ने बधाई व मनोकामनाएं दी।

### कौन बनेगा अभिरामम् रत्न प्रतियोगिता में छग व उड़ीसा अंचल रहा विजयी



**हरिभूमि कवर्धा।** कौन बनेगा अभिरामम् रत्न अखिल भारतीय प्रतियोगिता राजस्थान के नोखा नगर में शनिवार को संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ व उड़ीसा अंचल ने विजय श्री हासिल की। टीम की कप्तान श्रीमती जया-दर्शन देशलहरा गुंडरदेही थी। टीम में भाग ले रहे प्रतिभागियों में रायपुर से प्रिषा, एशना जैन राजनांदगांव से अंश पारख, कल्प गिड़िया कवर्धा से सार्थक जैन, विख्याति श्रीश्रीमाल गुंडरदेही से गीतिका राय सोनी, विराग, काव्य चौरडिया तथा वेदांत जैन अर्जुंदा, भव्य जैन कटंगी, आरूषी जैन बालोद, भवि जैन डोंडी सम्मिलित थे। बेस्ट बॉलर का खिताब राजनांदगांव के अंश पारख ने जीता। इसके साथ ही इन 13 प्रतिभागियों ने प्रथम पुरस्कार 44 हजार रुपए नगद की पात्रता हासिल की। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में कवर्धा से सार्थक जैन एवं विख्याति श्रीश्रीमाल ने शानदार सफलता हासिल कर नगर को गौरवांवित किया। स्थानीय स्तर पर भी इन्हें सम्मानित किया जाएगा साथ ही सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व परामर्श शिविर 16 को

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर के सिख समाज द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व परामर्श शिविर का आयोजन 16 फरवरी को गुरूनानक भवन मे किया जाएगा। शिविर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक लगाया जाएगा। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ राधवेश ओझा, पेट व आंत रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक जैन, हड्डी एवं प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ पंकज पटेल, अस्थि रोग विशेषज्ञ किशोर साहू, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ विनय बिसेन, आशीष मिश्रा, जनरल सर्जन डॉ गौरव दानी, डॉ व्यास नारायण चंद्रवंशी, एमडी मेडिसिन अविनाश मानिकपुरी, दंत रोग नमन जैन, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ योगिता चंद्रवंशी, डॉ अजित राडेकर, डॉ मुनमुन अग्रवाल अपनी सेवाएं देगें। साथ ही साथ शिविर में ईसीजी, बीपी, शुगर की जांच की जाएगी। वहीं निःशुल्क दवा वितरण किया जाएगा।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

मतलब की दुनिया में कौन किसका होता है। धोखा वही देता है जिस पर भरोसा होता है ।।
कहां पडे हो चक्कर मे कोई नही है वार्ड नं.09 के पंच प्रत्याशी नेतराम साहू के टक्कर में ।।
घोषणा पत्र गारंटी मतलब नेतराम साहू की गारंटी
1. 1 साल से 17 साल तक के बच्चो का जन्मदिन मनाने पर 500 रू. सहयोग राशि दिया जायेगा।
2. छट्ठी में नगद 1100 रू. सहयोग राशि दिया जायेगा।
3. शादी में नगद 1100 रू. सहयोग राशि दिया जायेगा।
4. दशगात्र में नगद 1100 रू. सहयोग राशि दिया जायेगा।
5. हर वार्ड ग्रामीण को साल में 1 बार नगद 200 रू. 5 वर्ष तक दिया जायेगा।
प्रत्याशी के घर को छोड़कर प्रत्येक वार्ड ग्रामीण को नेतराम साहू द्वारा हर साल दिया जायेगा।
ग्राम पंचायत रक्से वार्ड क्रं.09 के पंच हेतु
प्रत्याशी नेतराम साहू को
सीढ़ी छाप में मुहर लगाकर
प्रचंड मतों से विजयी बनावें।
चुनाव चिन्ह
विनीत : समस्त मतदातागण वार्ड नं. 09
मतदान दिनांक-17 फरवरी 2025 सोमवार, समय 07 बजे से संध्या 4 बजे तक

Health Town
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## डिप्टी सीएम विजय शर्मा आज जिले के प्रवास पर

**कवर्धा।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा गुरूवार को कबीरधाम जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न ग्रामों में नुक्कड़ जनसभाएं तथा दौरा करेंगे। जानकारी के मुताबिक उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा दोपहर 12.00 बजे ग्राम गांगपुर, 1.00 बजे पंडरिया, 2.00 बजे लघान, 3.00 बजे मरका, 4.00 बजे चचेड़ी, 5.00 बजे बिपतरा, 6.00 बजे कोयलारी, 7.00 बजे धौराबंद तथा 8.00 बजे मथानी कला पहुंचेगे।

# माघ पूर्णिमा पर डोंगरिया व झिरना में आयोजित मेला में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

- लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी, की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांडातराई/पिपरिया

चारों शंकराचार्यो एवं संत मनिषियों द्वारा प्रसंगित सुप्रसिद्ध जालेश्वर महादेव घाट में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मांघ शुक्ल के पावन पर्व पर ऐतिहासिक एवं पौराणिक मेला का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मेले का आनंद लिया वहीं स्थानीय नदी में श्रद्धा का डुबकी भी लगाई। उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत पाण्डातराई से 2 किलों मीटर की दूरी पर स्थित ग्राम डोंगरिया कला के समीप सुप्रसिद्ध स्वयं भू-जलेश्वर महादेव घाट में इस बार भी मांघ शुक्ल के पावन मौके पर 12 फरवरी को भव्य मेला का आयोजन किया गया। आयोजकों द्वारा इस भव्य एवं लोकप्रिय मेला की तैयारियां काफी समय से की जा रही थी। मेला के रोज सुबह से ही जलेश्वर महादेव घाट में दुकानदारों व लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। दोपहर होते-होते मेला अपने पूरे शवाब में पहुंच गया और मेला स्थल पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं दुकानदारों द्वारा भी मेला में मनहारी, खेल खिलौने, कपड़ा, खाद्य सामग्री, फल, सहित विभिन्न प्रकार की दुकाने सजाई गई थी। जिसमें लोगों ने जमकर खरीदारी की तथा मेला का आनंद लिया। इसी प्रकार प्रकार मांघ शुक्ल के मौके पर 12 फरवरी को झिरना नर्मदा कुण्ड परिसर में माघ पूर्णिमा झिरना मेले का आयोजन किया गया।

इस मेले में भी माघ पूर्णिमा पर सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर मेले का आनंद लिया वहीं नर्मदा कुण्ड में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। मांघ पूर्णिमा में जिले के अन्य धार्मिक स्थलो में भी मेला का आयोजन किया गया।



**पुलिस प्रशासन की रही चाक चौबंध सुरक्षा व्यवस्था**

थाना पाण्डातराई क्षेत्रांतर्गत ग्राम डोंगरिया खरहट्टा में एवं थाना पिपरिया क्षेत्रातर्गत ग्राम झिरना, कृतबांधा में पुन्नी मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिवर्षानुसार इस बार भी भारी भीड़ के आने की संभावना को देखते हुए मेला परिसर में ही अलग-अलग स्थानो पर पुलिस बल की तैनाती कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। पुलिस प्रशासन के मुताबिक पुलिस सहायता केन्द्र एवं अधिक भीड़ वाली जगहों पर पुलिस के जवान वर्दी में तथा शादी वर्दी में तैनात किए गए हैं। जो पाकेटमारों, चैन स्नैकरों तथा असामाजिक तत्वों पर नजर रख रहे हैं। वही भीड़ में बच्चों के गुम होने की स्थिति में उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखतें हुए मेला परिसर के चारों ओर पुलिस के चाक चौबंध व्यवस्था की गई है।

**कार्रवाई : रायपुर तेलीबांधा पुलिस ने कवर्धा से एक आरोपी को किया गिरफ्तार**

# इंटरनेशनल सेक्स रैकेट के कवर्धा से जुड़े तार, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

रायपुर पुलिस ने इंटरनेशनल सेक्स रैकेट का पर्दाफाश किया है। हैरानी की बात यह है कि इस इंटरनेशनल सेक्स रैकेट के तार कवर्धा से भी जुड़े हुए हैं। रायपुर पुलिस ने इस मामले में कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिमें एक आरोपी कवर्धा का भी शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 5 फरवरी को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड में विदेशी युवती ने एक स्कूटी को टक्कर मार दी थी और जमकर हंगामा मचाया था। इस हादसे में तीन युवक घायल हो गए थे। जिसमें से एक युवक अरूण कुमार विश्वकर्मा की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। प्रार्थी शाहरूख खान की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध थाना तेलीबांधा में अपराध क्रमांक 83/25 धारा 281, 125(ए), 110, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। बताया जाता है कि 5 फरवरी की रात व्हीआईपी मेन रोड फ्लावर वैली अमलीडीह जाने वाले रोड में कार क्रमांक सीजी/10/एफए/5046 के चालक द्वारा शराब के नशे में अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्टिवा वाहन को ठोकर मारकर दुर्घटना को अंजाम दिया गया था। हादसे के बाद पुलिस ने तेलीबांधा रायपुर की पुलिस ने कार में सवार आरोपिया युवती सहित आरोपी भावेश आचार्य पिता बीएस. आचार्य निवासी महावीर नगर गुरूद्वारा के पास थाना न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर से पूछताछ की लेकिन। लेकिन दोनो लगातार पुलिस को गुमराह करते रहे। लेकिन जब पुलिस ने इनसे कड़ाई से पूछताछ की तो बड़े इंटरनेशनल सेक्स रैकेट का खुलासा हुआ है। पूछताछ में युवती ने बताया कि वह उज्बेकिस्तान अण्डी जान क्षेत्र की निवासी है, जो जुगल कुमार के बुलाए जाने पर देह व्यापार के लिए मुंबई से रायपुर आकर एक होटल में रूकी थी। वहीं आरोपी भावेश आचार्य ने पूछताछ में बताया कि वह देह व्यापार के दलाल जुगल कुमार से मोबाईल फोन पर संपर्क कर युवती बुलाने बोला था, जिस पर जुगल कुमार द्वारा उज्बेकिस्तान की युवती को देह व्यापार के लिए रायपुर भेजा था।

**देह व्यापार के धंधे में कई दलाल सक्रिय**



आरोपी ने यह भी खुलासा किया किया कि इसके एवज में जुगल कुमार को 27,000 रूपए दिया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने जो खुलासे किए उसके बाद पुलिस ने कई ठिकानो में दबिस देकर कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जो इस इंटरनेशनल सेक्स रैकिट में दलाल के रूप में काम करते थे। इन 11 आरोपियों में एक आरोपी दुर्गेश पनागर पिता मोतीराम पनागर आयु 25 साल निवासी रविदास नगर वार्ड नम्बर 04 पीजी कॉलेज के पीछे थाना सिटी कोतवाली कवर्धा को भी गिरफ्तार किया गया है।

# 38 लाख 55 हजार कीमत की 4770 बल्क लीटर शराब जब्त

- आबकारी विभाग ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा/चिल्फी

विशेष रूप से बाहरी शराब और स्थानीय स्तर पर बनने वाली महुआ शराब के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रहे जिला आबकारी विभाग ने एक बार फिर बाहरी शराब की बड़ी खेप पकड़ी है। आबकारी विभाग ने इस बार आबकारी जांच चौकी चिल्फी के पास नाकाबंदी कर 330 पेटी कुल 16500 नग पौवा देशी मदिरा प्लेन नॉन ड्यूटी पैड तथा 4770 बल्क लीटर 26500 पौवा जप्त की है। जप्त शराब का बाजार मूल्य 38 लाख 55 हजार रूपए आंका गया है। इसके अलावा पुलिस ने अवैध शराब तस्करी में प्रयुक्त एक ट्रक को भी जप्त किया है तथा मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अन्य राज्य की अवैध शराब की संभावना को देखते हुए जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे द्वारा आबकारी जांच चौकी एवं अंतर्राज्यीय सीमा के विभिन्न संवेदनशील मार्गो में अवैध शराब के विक्रय/ धारण/ परिवहन के विरूद्ध सघन जांच करने हेतु दिशा निर्देश जारी किए गए थे। इन निर्देशों के परिपालन में आबकारी वृत्त बोड़ला की आबकारी जांच चौकी चिल्फी के समीप 12 फरवरी को मुखबिर से प्राप्त मौखिक सूचना पर आबकारी जांच चौकी चिल्फी के पास नाकाबंदी कर आयशर प्रो 3019 छह पहिया वाहन कंटेनर ट्रक क्रमांक आरजे 11जीसी 2927 को रोका गया और वाहन की तलाशी ली गई।



तलाशी के दौरान आबकारी विभाग की टीम ने टमाटर से भरी क्रेट्स में छिपाकर रखी हुई कुल 4770 बल्क लीटर मदिरा बरामद की। वहीं आरोपी राजवीर सिंह पिता घनश्याम सिंह यादव निवासी शिवपुरी मध्यप्रदेश के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम वर्ष 1915 यथा संशोधित की धारा 34(1)क, 34(2), 36, 59(क) के तहत प्रकरण कायम कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

इस कार्यवाही में वृत्त प्रभारी बोड़ला अभिनव कुमार रायजादा, आबकारी उप निरीक्षक गीता साहू, अभिनव आनंद बख्शी, रामानंद दीवान, आबकारी मुख्य आरक्षक विद्या सिंह परमार, भानुप्रताप चौहान आबकारी आरक्षक कमल मेश्राम, अमर पिल्ले, इम्तियाज खान, जगदीश सिंग उईके वाहन चालक डायमंड साहू, आबकारी जांच चौकी में तैनात सुरक्षा कर्मियों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# पंचायत चुनाव में पंच प्रत्याशी भी कर रहे हैं अपना घोषणा पत्र जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



अभी तक लोकसभा, विधानसभा, नगरीय निकाय जैसे चुनावों में ही पार्टी अथवा प्रत्याशी द्वारा चुनावी घोषणा पत्र जारी करते देखा गया है। लेकिन इस बार हो रहे त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में भी प्रत्याशी अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए बकायदा घोषणा पत्र भी जारी कर रहे हैं और मतदाताओं को अपने जारी घोषणा पत्र को पूरा करने की गारंटी भी दे रहे हैं। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में विकासखण्ड स. लोहारा की ग्राम पंचायत रक्से के वार्ड क्रमांक 09 से पंच पद के लिए चुनावी अखाड़े में उतरे ऐसे ही पंच प्रत्याशी नेतराम साहू ने अपने वार्ड के लिए चुनावी घोषणा पत्र जारी किया है और चुनाव जीतने के बाद घोषणा पत्र को पूरा करने की गारंटी भी मतदाताओं को दे रहे हैं। श्री साहू ने अपने घोषणा पत्र में निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के 1 साल से 17 साल के बच्चों का जन्मदिन मनाने के लिए 500 रूपए की नगद सहयोग राशि देने, छठ्ठी में 1100 रूपए की नगद सहयोग राशि देने, विवाह में 1100 रूपए की नगद सहयोग राशि देने, दशगात्र में 1100 रूपए की नगद सहयोग राशि देने तथा निर्वाचन क्षेत्र के हर ग्रामीण को साल में एक बार पूरे पांच सालों तक 200 रूपए की नगद सहयोग राशि देने का वादा किया है। ग्राम पंचायत रक्से के वार्ड क्रमांक 9 के पंच प्रत्याशी नेतराम साहू ने बताया कि इसके अलावा वे अपने वार्ड में शासन, प्रशासन के सहयोग से विकास एवं निर्माण कार्य तथा शासन की योजनाओं का लाभ वार्डवासियों को दिलाने हर संभव प्रयास व सहयोग करेंगे। उन्होने अपने घोषणा पर पत्र को गारंटी के साथ पूरा करने का आश्वासन दिया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस बार का त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच पद तथा पंच पद के लिए हजारों की संख्या में चुनावी अखाड़े में उतरे राजनैतिक दलों तथा गैर राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों के लिए प्रतिष्ठा का विषय बना हुआ है और हर प्रत्याशी चुनावीरण फतह करने के लिए ऐड़ी चोटी का जोर लगा रहा है। ग्राम पंचायत रक्से के वार्ड क्रमांक 9 के पंच प्रत्याशी नेतराम साहू के पूर्व भी नगर पंचायत सहसपुर लोहारा से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ने चुनाव जीतने पर महिलाओं के लिए नगर में पंडित प्रदीप महाराज की शिवमहापुराण कथा कराए जाने की घोषणा कर रखी है। माना जा रहा है कि जैसे जैसे-जैसे त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव की तिथि नजदीक आएगी इस तरह के चुनावी घोषणा के और भी पिटारे खुल सकते हैं।



# जिले के नगरीय निकायों की मतगणना 15 फरवरी को

- मतगणना स्थल पर मोबाईल एवं अन्य इलेक्ट्रानिक सामग्री लेकर जाना पूर्णत: वर्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत 15 फरवरी 2025 को सुबह 09 बजे से सभी नरीय निकायों के लिए डाले गए मतों की गणना (ईवीएम) कार्य किया जाएगा। नगर पंचायत और नगर पालिका के लिए बनाएं गए स्ट्रांग रूम में मतगणना कार्य किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में मतगणना कार्य के लिए आवश्यक तैयारी की जा रही है। मतगणना कार्य के सफल संपादन के लिए 13 और 14 फरवरी को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में गणना पर्यवेक्षक और गणना सहायकों को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना कार्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मतगणना के लिए 15 फरवरी को रिटर्निंग अधिकारी और प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को खोला जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायकों सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना तिथि को निर्धारित समय में मतगणना स्थल पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। मतगणना स्थल पर मोबाईल एवं अन्य इलेक्ट्रानिक सामग्री लेकर जाना पूर्णतः वर्जित है। उन्होंने बताया कि सभी नगरीय निकायों में मतगणना के लिए 120 टेबल लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि कवर्धा नगर पलिका के लिए 27 टेबल, पंडरिया के लिए 18, नगर पंचायत पाण्डातराई, बोड़ला, पिपरिया, सहसपुर लोहारा और इंदौरी के लिए 15-15 टेबल लगाई जाएगी। मतगणना अभ्यर्थी के लिए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था मतगणना हॉल के निकट रहेगी। मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना केंद्र के भीतर मोबाइल फोन, आईपैड, लैपटाप, स्माट वॉच या अन्य इलेक्ट्रानिक्स उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना स्टॉफ, अभ्यर्थी और उसके निर्वाचन, मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना हॉल के भीतर धूम्रपान, गुटखा, तंबाकु ले जाने की अनुमति नही होगी।

**पंचायत चुनाव और दो पत्नियों वाले चतुर सुजान ...**




**कोदवागोड़ान।** इस दुनिया में चतुर सुजानो की कमी नहीं है। सरकार के तमाम कायदा कानूनों और नियमों के बावजूद सरकारी नीतियों और योजनाओं में छेद बनाकर उन्हें अपने अनुकूल बना लेने वाले केवल शहरी क्षेत्र के पढ़े लिखे लोग ही नहीं हैं। गांवों में भी ऐसे बुद्धिमान बीरबल रहते हैं जो तमाम सरकारी योजनाओं में अपात्र होते हुए भी तिकड़मी बुद्धि के जरिए पात्रता की जुगाड़ कर हितग्राही बन जाते हैं। पंचायती राज में महिला आरक्षण होने के बावजूद पत्नी का प्रतिनिधि बनकर पतियों द्वारा विभिन्न पदों का संचालन तो आम बात है मगर सरपंची पद हथियाने के लिए दो पंचायत, दो पत्नी वाले मामले भी देखने को मिल रहे हैं। ग्रामीण और वनवासी अंचलों में प्रचलित चूड़ी प्रथा के तहत दो पत्नियां रखने का रिवाज रहा है। आज कल शहरी क्षेत्रों में पनप रहे लिव इन रिलेशनशिप को भी कुछ इसी तरह कहा जा सकता है। ऐसे ही दो दो पत्नियों वाले कुछ चतुर सुजान देखे जा सकते हैं जिनकी एक पत्नी का नाम उनके मूल निवास वाले ग्राम में दर्ज होता है तो दूसरी अर्थात उप पत्नी का नाम उसके मायके या किसी अन्य गांव की मतदाता सूची में जोड़वा लिया जाता है। इसके चलते वो दोनों में से किसी एक अथवा फिर दोनों ही पंचायतों से चुनाव लड़ने की जुगत बैठा लेता है। पंडरिया क्षेत्र में ऐसे उदाहरण पूर्व में भी देखे गए हैं और आज भी देखे जा सकते हैं।

# नगरीय निकायों की ईवीएम मशीन को स्ट्रांग रूम में किया गया सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी सातों नगरीय निकाय नगर पालिका कवर्धा, पंडरिया, नगर पंचायत पाण्डातराई, बोड़ला, पिपरिया, सहसपुर लोहारा और इंदौरी क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में मतदान के लिए उपयोग में लाई गई ईव्हीएम मशीन को रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी और प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम में सीलिंग की गई। नगर पालिका कवर्धा के लिए पीजी कॉलेज में रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती मोनिका कौड़ो, सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुश्री आकांक्षा नायक और प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतदान केंद्रों में मतदान के लिए उपयोग में लाई गई ईव्हीएम मशीन को स्ट्रांग रूम में सीलिंग की गई। इस पूरे प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। इसके अलावा सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की गई है।

**आरक्षण ने कइयों को बनाया रंक से राजा, कईयों को बगैर हांथ पैर मिला सत्ता का सिंहासन**

# पंचायती राज व्यवस्था में आरक्षण से बनते पंच परमेश्वर और उनकी तथा कथा..

रविनंदन पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोड़ान

पंचायती राज व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायतों में चक्रीय आरक्षण प्रणाली लागू होने के बाद जहां एक ओर कितने ही परम्परागत ग्रामीण शहंशाहों के सिर से ताज छिन गए, वहीं न जाने कितने ही अनजाने, दीनहीन और उपेक्षित रहे लोगों के सिर पर ताज रखे जाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। वर्षों तक ग्राम प्रधानी की पॉवर में रहे और भविष्य में भी पावर में बने रहने का सपना देखने वाले कितने ही लोगों के अरमान आरक्षण प्रणाली के चलते बिखर गए, वहीं कुछ ऐसे भी हैं, जिन्होंने कभी पंच बनने का भी सपना नहीं देखा था, उन्हें एक तरह से जबरन सरपंची का ताज मिलने लगा है। संभवतः इसे ही तकदीर का खेल कहा जाता है। कहते हैं किस्मत में राजयोग का होना और राजयोग का खोना दोनों ही निर्धारित रहता है। कई बार ऐसा होता है कि, अचानक उत्पन्न परिस्थितियों के चलते कोई राजा से रंक बनकर सड़कों पर आ जाता है, तो वहीं सड़क का भिखारी अनायास ही सत्ता के सिंहासन तक पहुंच जाता है। पंचायती राज व्यवस्था लागू होने के बाद त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन में जबसे आरक्षण की प्रक्रिया अपनाई गई है, तबसे ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक ऐसे उदाहरण देखने और सुनने को मिल रहे हैं जिसके तहत कितने ही ऐसे लोग जो अपने आप को गांव का स्थायी सरताज समझते रहे हैं, उन्हें जमीन पर आना पड़ा, और जिन्हें वे अब तक अपने पांव की जूती समझते रहे, आज उन्हीं के सिर पर पंचायती सत्ता का ताज सौंपना पड़ा। आगामी 20 फरवरी को होने वाले पंचायत चुनावों के लिए गत दिनों लाटरी निकालकर आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की गई। चूंकि, जिला और जनपद पंचायतों के क्षेत्र बड़े होते हैं, अतः इनके लिए तो हर वर्ग में प्रत्याशी मिल जाते हैं, लेकिन तकदीर पलटने और सपने में भी नहीं सोचा गया सरपंची का ताज एक तरह से स्वयं चलकर सिर पर बंध जाने की घटना ग्राम पंचायत के पिछले चुनावों में भी देखने-सुनने को मिली तथा आगे भी देखने को मिलेगी। पंडरिया क्षेत्र के वनवासी अंचल की अनेक ग्राम पंचायतें अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हुई है। अंचल की कई ऐसी ग्राम पंचायतें हैं, जहाँ पूरी आबादी ही आदिवासियों की है। ऐसे गांवों में कहीं-कहीं पौनी पसारी के रूप में एकाध घर अनु जाति परिवार का रहता है। इसी तरह कुछ ग्राम पंचायतें सामान्य और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हुई है, वहां भी स्थिति ऐसी ही है। कुछ साल पहले पहाड़ों पर स्थित तेलियापानी ग्राम पंचायत पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हुई थी। जबकि यह पंचायत पूरी तरह बैगा आदिवासियों की आबादी वाली है। बताया जाता है कि उस समय संयोग से यहाँ गाय चराने वाला एक यादव परिवार बाहर से आकर बस गया था। जाहिर है अभी तक गांव के गाय चराने वाला नौकर अथवा पौनी पसारी के रूप में रहा चरवाहा अनायास ही पांच साल के लिए सरपंच बन कर अपने मालिकों का ही भाग्य विधाता हो गया। मिली जानकारी के अनुसार पंडरिया विकासखंड के वनांचल में स्थित ग्राम पंचायत नेउर जो कि अनुसूचित जन जाति बाहुल्य है, किन्तु इस बार आरक्षण के चलते यहां अनुसूचित जाति वर्ग से सरपंच चुना जाना है। बताया जाता है कि वर्तमान में यहाँ इस वर्ग का कोई भी नहीं है। अब वहां या तो दुबारा आरक्षण होगा, अथवा फिर वर्तमान चुनाव के बाद सरपंच विहीनता की स्थिति में उपसरपंच के सहारे काम चलाया जाएगा। जहां एक ओर लोग सरपंच बनने के लिए आजकल मारामारी पर उतर आते हैं, हजारों की हद से बढ़कर लाखों रूपये तक चुनाव में बहाने तैयार रहते हैं, फिर भी बहुतों को असफलता ही हाथ लगती है। वहीं दूसरी ओर आरक्षण व्यवस्था के चलते कुछ राजयोग वालों को यह पद थाल में सजाकर मिल जाता है। यहां तक कि जमानत का पैसा भी गांव वाले देते है। कोदवागोड़ान पंचायत में ही एक बार ऐसा हो चुका है, जब यह पंचायत अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित हुई थी और तब यहां के लोगों ने अनुसूचित जाति वर्ग की ऐसी महिला को अपना सरपंच चुना, जो अब तक गरीबी और लाचारी का जीवन जी रही थी।

'गांव में घर न खार में खेत' वाली कहावत को चरितार्थ करने वाली स्थिति थी। बस्ती के बाहरी छोर में शासकीय भूमि पर बने छोटे से कच्चे मकान में रहकर परिवार के साथ दूसरों की मजदूरी करके गुजर बसर करने वाली महिला के फार्म भरने से लेकर चुनाव संबंधी सारी व्यवस्थाएं दूसरों ने की थीं और वो पांच साल इस पंचायत की सरपंच रही।